आर.एन.आई. नंबर - MPHIN/2014/56594

!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!

वर्ष-11 । अंक 114 । मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण

इंदौर, रायपुर व भोपाल से एक साथ प्रकाशित

# दैनिक आदित्य भारत

सदैव सत्य के साथ...

इंदौर, मंगलवार, 29 अप्रैल, 2025

## शॉट न्यूज

### बीजेपी अध्यक्ष का चुनाव टला, नड्डा बने रहेंगे

**नई दिल्ली** । भारतीय जनता पार्टी ने फिलहाल अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव को टालने का फैसला लिया है। पार्टी की शीर्ष इकाई ने यह निर्णय देश में मौजूदा हालात को देखते हुए लिया है। इससे साफ है कि वर्तमान अध्यक्ष जे.पी. नड्डा फिलहाल अपने पद पर बने रहेंगे। सूत्रों के अनुसार, बीजेपी मई महीने में नया अध्यक्ष चुनने की योजना बना रही थी लेकिन अब पार्टी ने इसे स्थगित कर दिया है। बीजेपी का मानना है कि इस समय संगठन की स्थिरता और सरकार की नीति को मज़बूती से आगे बढ़ाना ज़रूरी है। ऐसे में पार्टी के आंतरिक चुनाव को फिलहाल प्राथमिकता नहीं दी जा रही है। नए अध्यक्ष पद के चुनाव की तारीख की घोषणा अब बाद में की जाएगी। नड्डा वर्ष 2019 से अध्यक्ष पद पर काबिज हैं और उनका कार्यकाल पहले भी बढ़ाया गया था।

### पहलगाम हमले पर बयान, कांग्रेस नेताओं को नसीहत

**नई दिल्ली**। पहलगाम आतंकी हमले को पूरे देश में गम और गुस्से का माहौल है। लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े इस मामले में कांग्रेस के कुछ नेताओं द्वारा दिए गए बयानों को लेकर पार्टी की छवि भी खराब हुई है। इससे कांग्रेस का आलाकमान नाराज है। कांग्रेस आलाकमान ने पार्टी के नेताओं को नसीहत दी है कि पहलगाम हमले पर फिजूल की बयानबाजी करने के बचें। पार्टी ने हाल के दिनों में नेताओं द्वारा दिए गए विवादित बयानों से भी किनारा कर लिया है। बीते कुछ दिनों में कांग्रेस के कई नेता मणिशंकर अय्यर, कर्नाटक के सीएम सिद्धरमैया सहित कई अन्य ने पहलगाम हमले पर कुछ ऐसी टिप्पणी की, जिससे समाज में पार्टी को लेकर गलत मैसेज गया। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा- कांग्रेस के कुछ नेता मीडिया से चर्चा कर रहे हैं। वे केवल अपनी व्यक्तिगत राय रखते हैं, वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते।

### बिलावल में हिम्मत हो तो भारत आ जाएं : पाटिल

**सूरत** । केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (PPP) के नेता बिलावल भुट्टो-जरदारी के हालिया बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। बिलावल ने कहा था कि अगर भारत ने पाकिस्तान को पानी देना बंद किया तो 'नदियों में खून बहेगा। इस पर जवाब देते हुए पाटिल ने कहा कि ऐसी धमकियों का कोई मतलब नहीं है और चुनौती दी कि अगर बिलावल में हिम्मत है तो वे भारत आकर दिखाएं। पाटिल ने रविवार को सूरत में एक कार्यक्रम के दौरान कहा, 'मोदीजी कहते हैं, 'जल है तो बल है। मोदीजी ने कहा कि पाकिस्तान को पानी नहीं मिलना चाहिए। इससे बिलावल गुस्से में आ गए और धमकी देने लगे। हम इन धमकियों से डरने वाले नहीं हैं। कार्यक्रम के दौरान पाटिल ने 2,500 से अधिक वर्षा जल संचयन संरचनाओं के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस मौके पर 'जन सहभागिता से जल संरक्षण' अभियान के तहत लोगों ने जल संरक्षण की शपथ भी ली।

### पुतिन का 8-10 मई तक सीजफायर का ऐलान!

**मॉस्को**। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने वर्ल्ड वॉर-II के विक्ट्री डे के मौके पर 8 से 10 मई तक यूक्रेन में सीजफायर का ऐलान किया है। क्रेमलिन ने इसे 'मानवता के आधार' पर लिया गया फैसला बताते हुए इसकी जानकारी दी। यह सीजफायर 8 मई को स्थानीय समयानुसार रात 12 बजे से शुरू होकर 10 मई को समाप्त होगा। इस ऐलान से पहले, रूस और यूक्रेन के बीच भारी बमबारी हुई है। दोनों देशों की सेनाओं ने एक-दूसरे को लॉन्ग रेंज मिसाइलों से निशाना बनाया। रूसी रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, रूस ने 119 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया, जिनमें से ज्यादातर रूस के ब्रायन्स्क सीमा क्षेत्र में थे। वहीं, यूक्रेन में हमले की चेतावनी दी गई थी, हालांकि इन हमलों में फिलहाल किसी हताहत की जानकारी सामने नहीं आई है। रूस द्वारा घोषित किए गए सीजफायर का मकसद वर्ल्ड वॉर-II विक्ट्री डे के मौके पर शांति बनाए रखना है।

---

ट्रेन में पहलगाम का वीडियो देखने पर गुंडों ने धमकाया, 36 घंटे बाद केस दर्ज

# हम चंदन नगर में रहते हैं और वहां हमारा कानून चलता है

**संवाददाता ● इंदौर**

**गुंडागर्दी**

ट्रेन में सफर के दौरान पहलगाम का वीडियो देखने पर चंदन नगर के कुछ गुंडे सरीखे लड़कों ने अनमोल परमार नामक युवक के साथ मारपीट की। उसे ट्रेन से धक्का देकर गिराने की भी कोशिश की। उन्होंने धमकी दी कि हम चंदन नगर में रहते हैं और वहां इस देश का कानून नहीं चलता। वहां सिर्फ हमारा कानून चलता है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने पीड़ित युवक का मेडिकल करवाया, लेकिन जब मारपीट का वीडियो वायरल हुआ तो 36 घंटे बाद जीआरपी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की।

घटना शनिवार-रविवार की दरमियानी रात की है। अनमोल परमार भोपाल से इंदौर का सफर कर रहा था। रात करीब 12 बजे वह मोबाइल पर पहलगाम का वीडियो देखने लगा। इस पर दो लड़कों ने आपत्ति लेते हुए कहा कि हमें देखकर ये वीडियो देख रहे हो क्या? उन्होंने वीडियो को फर्जी बताया और अनमोल को धमकाया। अनमोल ने विरोध किया तो उन दादा टाइप के लड़कों ने मारपीट शुरू कर दी। धमकाते हुए बोले- देशभक्ति ट्रेन के बाहर दिखाओ। अनमोल के यह कहने पर कि तुम भी तो इसी देश में रहते हो तो आरोपियों ने कहा कि वे चंदन नगर में अपने अलग देश में रहते हैं। इतना सुनते ही अनमोल उन लड़कों से हटकर ट्रेन के गेट पर पहुंचा तो उन्होंने उसे चलती ट्रेन से धक्का देने की कोशिश की। यह देख अन्य यात्रियों ने अनमोल को बचाया। इस आपाधापी में अनमोल की सोने की चेन भी कहीं गिर गई। इंदौर स्टेशन आने पर अनमोल ने उन लड़कों को रोकने का प्रयास किया तो वे जान से मारने की धमकी देते हुए ऑटो से निकल गए।



### धारदार हथियार से हमला किया, ट्रेन से धक्का भी दिया

अनमोल ने पुलिस को बताया कि उन लड़कों के पास एक धारदार हथियार भी था, जिससे मुझ पर हमला किया गया। एक ने मेरे मुंह और नाक पर मुक्के मारे। इससे नाक से खून बहने लगा। मुझ पर हमला करके वे भागने लगे। जब मैंने उन्हें रोकने की कोशिश की तो उनके साथ आई महिलाओं व बच्चों ने रास्ता रोक दिया। मुझे चलती ट्रेन से धक्का देने की कोशिश भी की। आरोपियों ने मुझे धमकाया था कि ट्रेन से बाहर निकलेगा तो तुझे काट देंगे।

---

जम्मू-कश्मीर में एजेंसियों ने किया अलर्ट!

# आतंकियों का अगला निशाना पुलिसकर्मी

● **एनआईए को मिले घटना के अहम सबूत**

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

**सुरक्षा**

पहलगाम आतंकी हमले के बाद पूरे जम्मू कश्मीर में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। सेना और सरकार दोनों एक्शन मोड में है। हमले को लेकर जम्मू कश्मीर पुलिस व सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर हैं। वहीं सूत्रों के हवाले से बड़ी खबर है कि आतंकी सॉफ्ट टारगेट चुन रहे हैं। वहीं सूत्रों ने ये जानकारी भी दी है कि, आतंकियों के निशाने पर अब टूरिस्ट के जगह छुट्टी पर गए पुलिस अधिकारी हैं। आतंकी इस बार पुलिस व सेना को निशाना बनाने की फिराक में हैं। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पूरे जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था हाई अलर्ट पर है। इसी के चलते केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने उधमपुर में जिला प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों के साथ बैठक कर हालात की समीक्षा की और आगामी रणनीति पर चर्चा की है। दहशतगर्द नौ आतंकियों के घर ध्वस्त करने का बदला पुलिस वालों से ले सकते हैं। इसी के चलते छुट्टी पर गए पुलिस अधिकारियों को वापस बुला लिया गया है। आतंक प्रभावित इलाकों के पुलिस वालों को छुट्टी पर अपने पैतृक घर न जाने का सलाह दी गई है। वहीं रिटायर्ड पुलिस वालों की भी सतर्क रहने की सलाह दी है। आतंकी स्थानीय सैनिक/अर्धसैनिक बल के जवानों को भी निशाना बना सकते हैं।



### NIA को मिला अहम सुराग

पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की जांच एन.आई.ए. ने शुरू कर दी है। हमले में 4 से 5 आतंकवादी शामिल थे जिन्होंने आधुनिक ए.के. 47 और एम4 राइफल से पर्यटकों पर गोलियां बरसाई थीं। इस बीच पहलगाम नरसंहार की जांच में नया मोड़ आया है। बैसरन घाटी में पर्यटकों के लिए वीडियो रील बनाने वाला एक वीडियोग्राफर एनआईए का अहम गवाह बनकर सामने आया है। उसने पूरी घटना को अपने कैमरे में रिकॉर्ड किया। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, 'जब फायरिंग शुरू हुई तो यह युवक जान बचाने के लिए दौड़ा और एक पेड़ पर चढ़ गया। लेकिन उसने हिम्मत नहीं हारी और पूरी घटना को अपने कैमरे में कैद करता रहा। एनआईए ने वीडियोग्राफर से पूछताछ की है और अब उसके बनाए वीडियो की गहराई से जांच की जा रही है।

### नई दिल्ली में बढ़ी सरगर्मी

नई दिल्ली में भी राजनीतिक और कूटनीतिक सरगर्मियां तेज हो गईं हैं। ऐसी संभावना दिख रही है जैसे कुछ बड़ा होने वाला है। सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सबसे पहले आर्मी चीफ से लंबी मुलाकात की। उसके बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लोक कल्याण मार्ग स्थिति प्रधानमंत्री आवास पहुंचे और वहां पीएम नरेंद्र मोदी को ताजा हालात के बारे में अपडेट दिया है।

### खाली करवाए जा रहे टेरर कैंप

जानकारी के मुताबिक पाकिस्तान ने पीओके में मौजूद सात से ज्यादा आंतकी लॉन्च पैड से आतंकियों को पाक आर्मी की शरण में रहने का आदेश दिया है। आतंकियों के सात लॉन्च पैड लीपा, जुरा, दूधिनियाल, केल, शारदी, सरदारी, कोटली से आतंकियों को हटाया गया है। इन लॉन्च पैड में लश्कर ए तैयबा के पाकिस्तान में मौजूद तीन महत्वपूर्ण कैम्प से ट्रेनिंग लेकर आतंकी यहां पर तैनात किए जाते हैं।

---

### बलूचिस्तान में आग लगने से फटा तेल टैंकर, 40 घायल

**नई दिल्ली**। पाकिस्तान के बलूचिस्तान के नोश्की जिले में एक तेल टैंकर में आग लगने के बाद उसमें धमाका हो गया। इस घटना में कम से कम 40 लोग घायल हो गए। नोश्की के डिप्टी कमिश्नर (डीसी) अमजद सूमरो के मुताबिक, तेल टैंकर एक ट्रक डिपो में खड़ा था। इस दौरान ही उसमें आग लग गई और भीषण धमाका हो गया। इस घटना में कम से कम 40 लोगों के घायल होने की खबर है। एक अधिकारी ने इस संबंध में बताया कि वेल्डिंग के काम के कारण वहां पर आग लगी थी। आग बुझाने के दौरान फायर ब्रिगेड के कई कर्मचारी भी घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### पाक के 16 यूट्यूब चैनल बैन, BBC को चेतावनी

**नई दिल्ली**। भारत सरकार ने पाकिस्तान के 16 यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इन चैनलों के कुल 6.3 करोड़ से ज्यादा सब्सक्राइबर थे। सरकार ने यह कार्रवाई पहलगाम आतंकी हमले के बाद भड़काऊ और सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने वाली सामग्री फैलाने के आरोप में की है। गृह मंत्रालय की सिफारिश पर इन चैनलों को ब्लॉक किया गया है। बैन किए गए प्रमुख यूट्यूब चैनल हैं- डॉन, समा टीवी, एआरवाय न्यूज, बोल न्यूज, रफ्तार, जियो न्यूज, सुनो न्यूज। इसके अलावा, पत्रकारों इरशाद भट्टी, असमा शिराजी, उमर चीमा और मुनीब फारूक के यूट्यूब चैनल भी बैन किए गए हैं। साथ ही ' द पाकिस्तान रिफरेंस', 'समा स्पोर्ट्स', 'उजेर क्रिकेट' और 'राजी नामा' जैसे हैंडल भी ब्लॉक कर दिए गए हैं।

---

अब समंदर से भी होगा प्रहार

# भारत-फ्रांस के बीच राफेल-M समझौता



**पेरिस ● एजेंसी**

**प्रहार**

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद जारी तनाव के बीच सोमवार को भारत और फ्रांस के बीच 26 राफेल मरीन विमानों की डील हो गई है। यह डील 63,000 करोड़ रुपये में की गई है। इस डील के तहत भारतीय नौसेना के लिए फ्रांस से 26 राफेल मरीन एयरक्राफ्ट खरीदे जाएंगे। इस समझौते के भारत का प्रतिनिधित्वरक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने किया। इसदौरान नौसेना के उपप्रमुख वाइस एडमिरल के. स्वामीनाथन भी मौजूद थे।

भारत और फ्रांस के बीच हुए इस समझौते के तहत 22 सिंगल-सीट और 4 ट्विन-सीट विमान शामिल होंगे। इससे पाकिस्तान को करारा झटका लगने वाला है क्योंकि ये जेट आईएनएस विक्रांत पर तैनात किए जाएंगे। 1971 की जंग में भारतीय नौसेना ने पाकिस्तान की धज्जियां उड़ा दी थी। इस जेट के आने से इंडियन नेवी और ताकतवर हो जाएगी। भारतीय वायुसेना के बेड़े में पहले से ही 36 एयरक्राफ्ट है। इन 26 राफेल-M की डील के साथ भारत की राफेल जेट की संख्या बढ़कर 62 हो जाएगी।

**बहुआयामी है Rafale-M फाइटर जेट**:Rafale-M एक मल्टीरोल फाइटर जेट है। इसका AESA राडार टारगेट डिटेक्शन और ट्रैकिंग के लिए बेहतरीन है। इसमें स्पेक्ट्रा इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सिस्टम है जो इसे स्टेल्थ बनाता है। इसमें बीच हवा में ही रीफ्यूलिंग हो सकती है। यानी इसकी रेंज बढ़ जाएगी। राफेल-एम फाइटर आने से भारतीय समुद्री क्षेत्र में निगरानी, जासूसी, अटैक जैसे कई मिशन किए जा सकेंगे। यह फाइटर जेट एंटी-शिप वॉरफेयर के लिए बेस्ट है।



#### राफेल मरीन फाइटर जेट की प्रमुख विशेषताएं

राफेल मरीन जेट्स अपनी उन्नत तकनीक और बहुमुखी क्षमताओं के लिए जाने जाते हैं। कुछ प्रमुख विशेषताएं हैं जो इसे भारतीय नौसेना के लिए महत्वपूर्ण बनाती हैं।

**मल्टीरोल क्षमता**: राफेल-एम हवा से हवा, हवा से जमीन, और हवा से समुद्र में हमले करने में सक्षम है। यह परमाणु निरोध मिशनों को भी अंजाम दे सकता है।

**उन्नत सेंसर और राडार**: इसमें RBE2-AA एक्टिव इलेक्ट्रॉनिकली स्कैनड ऐरे (AESA) राडार और इन्फ्रारेड सर्च एंड ट्रैक (IRST) सेंसर हैं, जो टारगेट को ट्रैक करने और हमला करने में बेजोड़ हैं।

---

जम्मू-कश्मीर : पहलगाम हमले के खिलाफ विधानसभा में निंदा प्रस्ताव

# पाकिस्तान के साथ बात नहीं, आघात की वकालत

**जम्मू ● एजेंसी**

**प्रस्ताव**

पहलगाम में आतंकी हमले के मद्देनजर सोमवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र बुलाया गया। सूबे के सभी विधायकों ने 22 अप्रैल को बैसरन घाटी में हुए आतंकी हमले में मारे गए 26 लोगों को श्रद्धांजलि दी और उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा। वहीं, नेशनल कॉन्फ्रेंस के संरक्षक फारूक अब्दुल्ला विजिटर गैलरी में बैठकर विधानसभा की कार्यवाही देखी। केंद्र शासित प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और एनसी नेता सुरेंद्र चौधरी ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पेश किया। प्रस्ताव में कहा गया, "यह सदन पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ पूरी एकजुटता से खड़ा है।

### मेरे पास माफी मांगने के लिए शब्द नहीं : उमर अब्दुल्ला



इस मौके पर भावुक नजर आ रहे मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि 21 साल बाद ऐसे हमले देखे। मेरे पास माफी मांगने के लिए शब्द नहीं हैं। उन्होंने कहा, ''जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा जम्मू-कश्मीर की चुनी हुई सरकार के पास नहीं हैं। लेकिन इस मौके का इस्तेमाल करके मैं पूर्ण राज्य का दर्जा नहीं मांगूंगा। मैं किस मुंह से केंद्र से कहूं कि अब मुझे पूर्ण राज्य का दर्जा दो. मेरी क्या इतनी सस्ती सियासत है। मुझे क्या 26 लोगों के मरने की इतनी कम कद्र है, हमने पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने की बात पहले भी की, आगे भी करेंगे, लेकिन लानत हो मुझपर कि आज मैं केंद्र के पास जाऊं और कहूं कि मुझे पूर्ण राज्य का दर्जा दे दो। इस मौके पर न कोई सियासत, न कोई पूर्ण राज्य का दर्जा, न कुछ और...इस हमले की कड़ी निंदा करते हैं। उन्होंने हमले मारे गए सभी लोगों का नाम भी लिया। इस हमले ने हमें अंदर से खोखला किया है। क्या जवाब दूं मैं उस नेवी अफसर की विधवा को, उस छोटे बच्चे को जिसने अपनी पिता को खून में लथपथ देखा है। ''

### अब फुल एंड फाइनल हिसाब जरूरी : अब्दुल्ला



पूर्व सीएम और जम्मू और कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला ने हमले को लेकर पाकिस्तान की निंदा की। उन्होंने कहा कि अब पाकिस्तान से वार्ता का सवाल ही नहीं उठता है। क्योंकि उन्होंने इंसानियत का कत्ल किया है। भारत ने 1947 में ही टू-नेशन थ्योरी को ख़ारिज कर दिया था और आज भी उसे मानने को तैयार नहीं है, क्योंकि देश में हिन्दू, मुसलमान, सिख, ईसाई सब एक हैं। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि आज भारत बालाकोट नहीं चाहता है, आज भारत चाहता है की ऐसा एक्शन पाकिस्तान के खिलाफलिया जाए कि दोबारा ऐसी घटनाएं ना हो।

## एकात्म धाम प्रकल्प के लिए संकल्पित हैं मध्य प्रदेश सरकार-राज्य मंत्री लोधी

# ओंकारेश्वर में गूंजा अद्वैत और एकात्मता का स्वर

### नर्मदा तट पर एकात्म पर्व का भव्य शुभारंभ

संवाददाता ● भोपाल

शुभारंभ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में एकात्म धाम प्रकल्प के लिए मध्यप्रदेश सरकार संकल्पित है। आगामी वर्षों में एकात्म धाम का निर्माण कार्य पूर्ण होगा। यह बात संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने ओंकारेश्वर में एकात्म पर्व के भव्य शुभारंभ अवसर पर कही। राज्य मंत्री श्री लोधी ने कहा कि पहले चरण में जगतगुरू श्री आदि शंकराचार्य की 108 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की गई है। दूसरे चरण में जगतगुरू श्री आदि शंकराचार्य के जीवन दर्शन पर आधारित संग्रहाल और अद्वैत लोक का निर्माण कार्य किया जाएगा। तीसरे चरण में अद्वैत वेदांत दर्शन के अध्ययन, शोध एवं विस्तार के लिए आचार्य शंकर अंतर्राष्ट्रीय अद्वैत वेदांत संस्थान की स्थापना की जाएगी। यह अद्वैत वेदांत संस्थान का संदर्भ केंद्र होगा। और अंतिम चरण में शंकर निलायम आवासीय परिसर का निर्माण किया जाएगा। राज्य मंत्री श्री लोधी ने जगतगुरू श्री आदि शंकराचार्य के पावन चरणों में और पुण्यभूमि ओंकारेश्वर को नमन किया।





ओंकारेश्वर में माँ नर्मदा के पवित्र तट पर आज पंचदिवसीय एकात्म पर्व का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक अनुष्ठान और कलश यात्रा से हुई, जो पारंपरिक वाद्य यंत्रों और संकीर्तन के साथ ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग और गुफा मंदिर के दर्शन के लिए पहुंची और फिर अभय घाट पर संपन्न हुई। यात्रा के समापन के बाद मांधाता पर्वत स्थित एकात्म धाम में उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। समग्र दिवस में अनेक संतों का दिव्य संगम रहा, जिनमें स्वामी विवेकानंद पुरी, माँ पूर्णप्रज्ञा, स्वामी वेदत्वानंद पुरी, स्वामी योग प्रताप सरस्वती, स्वामिनी सद्विद्यानंद सरस्वती, स्वामी शैलेंद्र सरस्वती प्रमुख रहे।

"अद्वैतामृतम्" सत्र की श्रृंखला में 'ओंकार' विषय पर माँ पूर्णप्रज्ञा ने साधकों को संबोधित करते हुए कहा कि दार्शनिक सत्य की प्राप्ति के लिए गुरु की शरण अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से आदि शंकराचार्य ने सुदूर दक्षिण से ओंकार पर्वत तक की कठिन यात्रा की थी। माँ पूर्णप्रज्ञा ने आगे बताया कि चित्त की आसक्ति से निवृत्ति के बिना वैराग्य संभव नहीं है। आत्मा प्रत्यक्ष है और ब्रह्म परोक्ष प्रतीत होता है, लेकिन वास्तव में आत्मा ही चैतन्य स्वरूप है यही अद्वैत वेदांत का सार है। अद्वैत का अर्थ किसी मत का तिरस्कार नहीं, बल्कि वैचारिक मतभेदों का शमन है। ॐकार का अर्थ प्रत्येक जीव में अभिन्यता और समस्त आकृतियों का परिष्कार है। मांडूक्य उपनिषद में इस गूढ़ रहस्य का सुंदर वर्णन मिलता है। अतः ॐकार में लीन होकर ही प्रणव अवस्था प्राप्त की जा सकती है, क्योंकि एक व्यक्ति के चित्त की शांति सम्पूर्ण ब्रह्मांड को प्रभावित करती है। यह दार्शनिक सत्य ही सनातन संस्कृति की मूल आत्मा है। स्वामी विवेकानंद पुरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह भूमि आद्य शंकराचार्य की गुरु भूमि है, और यहाँ उनका पुनः प्रतिष्ठित होना अत्यंत गौरव और आनंद का विषय है। संवाद सत्रों के दौरान संतों ने देश-विदेश से आए प्रतिभागियों के जिज्ञासा समाधान हेतु शंकरदूत दीक्षा प्रक्रिया का मार्गदर्शन किया। परमार्थ साधक संघ के स्वामी प्रणव चैतन्य पुरी ने "अद्वैतामृतम्" सत्र में आचार्य शंकर के जीवन और दर्शन पर विस्तृत प्रकाश डाला, जिसमें उन्होंने आचार्य शंकर के सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और वैश्विक एकात्मता में योगदान को रेखांकित किया। मार्कंडेय संन्यास आश्रम के स्वामी प्रवानंद सरस्वती ने मार्कंडेय संन्यास परंपरा के ऐतिहासिक संदर्भों पर प्रकाश डाला।



### सुमधुर स्तोत्र गायन से झूम उठे श्रोता

एकात्म पर्व के प्रथम दिवस के समापन पर सुप्रसिद्ध स्तोत्र गायिका और प्रशिक्षक माधवी मधुकर झा द्वारा आचार्य शंकर रचित स्तोत्रों का मधुर गायन प्रस्तुत किया गया। उनके स्वर में कल्याण वृष्टि स्तोत्र, लिंगाष्टकम्, भज गोविंदम, अर्धनारीश्वर स्तोत्र आदि की प्रस्तुतियाँ हुईं, जिसने उपस्थित श्रोताओं को भक्ति में सराबोर कर दिया। एकात्म पर्व के अंतर्गत अद्वैत लोक प्रदर्शनी, अद्वैत शारदा पुस्तक स्टॉल और वैदिक अनुष्ठान जैसी विविध गतिविधियाँ मांधाता पर्वत पर प्रतिदिन आयोजित की जा रही हैं, जो सभी आगंतुकों के लिए अद्वैत वेदांत और सनातन संस्कृति का जीवंत अनुभव प्रदान कर रही हैं। आज भी अद्वैत वेदांत पर आधारित संवाद सत्रों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन जारी रहेगा।,

## शॉट न्यूज

### एक को छोड़ दूसरे से करने लगी प्यार तो चल गए चाकू

**इंदौर।** हीरानगर इलाके में रविवार रात एक युवती के पहले बॉयफ्रेंड ने गुस्से में आकर उसके दूसरे बॉयफ्रेंड पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक यह घटना युवती के अफेयर को लेकर हुई। युवती का पहले एक युवक से अफेयर था, लेकिन कुछ दिनों से उसने दूसरे युवक के साथ रिश्ते शुरू कर दिए थे। इससे पहला बॉयफ्रेंड बौखला गया था। पुलिस के अनुसार आरोपी दिव्यांश और पीड़ित मोहित के बीच झगड़ा तब हुआ, जब दिव्यांश को युवती के बदलते रिश्ते का पता चला। दिव्यांश ने मोहित को मिलने के लिए बुलाया और फिर चाकू से पेट और पैर पर हमला कर दिया। घटना के वक्त दिव्यांश के दोस्त भी मौके पर मौजूद थे, जिन्होंने मोहित को बचाने की कोशिश की, लेकिन आरोपी हमला करने के बाद फरार हो गया।

### शोक में डूबे परिवार की महिलाओं पर गलत ढंग से रंग डाला

**इंदौर।** शोकाकुल परिवार के घर रंग डालने पहुंचे लोगों द्वारा परिवार की महिलाओं के साथ गुंडागर्दी, मारपीट और अभद्र व्यवहार करने का मामला सामने आया है। बात इतनी बढ़ी कि पीड़ित शोकाकुल परिवार को बाणगंगा थाने पहुंचकर ऐसे लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराना पड़ी। इसके बाद भी सोशल मीडिया पर पीड़ित परिवार की प्रतिष्ठा को धूमिल करने के उद्देश्य से भ्रामक प्रचार का मामला भी पुलिस तक पहुंचा है। बाणगंगा पुलिस में दर्ज प्रथम सूचना रिपोर्ट में गोविंद कॉलोनी के रजक समाज के सत्यनारायण मालवीय ने बताया कि उनके छोटे भाई गजानंद मालवीय का गत 14 अप्रैल को निधन हो गया, जिनके शोक निवारण के लिए घर पर धार्मिक आयोजन रखा गया था।

### नगर निगम ने माफी मांगी और भगवा झंडे भी लगाए!

**इंदौर।** विजय नगर क्षेत्र में हनुमान जन्मोत्सव के बाद मंदिर परिसर में लगाए गए भगवा झंडे नगर निगम कर्मचारियों द्वारा हटाए जाने का मामला सुलझ गया है। रहवासियों और हिन्दूवादी नेताओं द्वारा घटना के विरोध में नगर निगम का घेराव करने की चेतावनी के बाद जोन कर्मचारी बैकफुट पर आ गए। उन्होंने माफी मांगी और परिसर में सारे भगवा झंडे, पताकाएं फिर से लगा दिए। घटना जोन-22 क्षेत्र स्थित बीसीएम हाइट्स के पीछे मंदिर परिसर की है, जहां भक्तों ने धार्मिक आयोजन और भागवत कथा के लिए भगवा ध्वज लगाए थे। बुधवार को वहां निगम की टीम पहुंची और झंडे निकाल दिए। यह घटनाक्रम वहां लगे सीसीटीवी कैमरों

## दीपक एडवरटाइजिंग को प्रसार भारती (आकाशवाणी) द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान

संवाददाता ● इंदौर



मध्यभारत की नं. 1 क्रिएटिव और मीडिया एजेंसी दीपक एडवरटाइजिंग को विविध भारती के मीडिया व्यवसाय में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रसार भारती (आकाशवाणी) द्वारा सम्मानित किया गया। यह अवार्ड एजेंसी को गितार दो वर्षों से दियाजा रहा है ।

उल्लेखनीय है कि दीपक एडवरटाइजिंग मध्य भारत की एकमात्र INS, प्रसार भारती एवं CBC द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंसी है और इंडियन रेल्वे, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, IIM, अवंतिका गैस लि, LIC जैसे अन्य महत्वपुर्ण गवर्नमेंट क्लाइंट्स के साथ ही प्रसिद्ध कॉरपोरेट क्लाइंट्स को भी सेवाएं दे रही है। एमडी दीपक जेठा ने बताया कि एजेंसी अपनी क्रिएटिव व डेडिकेटेड टीम, उत्कृष्ट सविसेज और क्लाइंट्स के अटूट विश्वास के कारण सदा सफलता के पथ पर अग्रसर रही है। गत माह ही बिग एफएम द्वारा भी रेडियो बिज़नेस में योगदान के लिए एजेंसी को बिग इंपैक्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया था । अवार्ड लेते हुए प्रकाश जेठा ब्रांच हेड दीपक एडवरटाइजिंग भोपाल ऑफिस ने भोपाल- इंदौर के सभी प्रमुख क्लाइंट्स का आभार माना। एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारी सचिन उपाध्याय ने बताया कि दीपक एडवरटाइजिंग एजेंसी अब तक 191 नेशनल व इंटरनेशनल अवॉर्डस अपने नाम कर चकी है, जिसमें 17 बार "एजेंसी ऑफ़ द ईयर' का अवॉड शामिल है।

### वार्ड 37 के तुलसी नगर सरस्वती मंदिर क्षेत्र में पार्षद के साथ सफाई में जुटे सैकड़ों रहवासी

**इंदौर।** भीषण गर्मी के उग्र होते तेवर को देखते हुए वार्ड 37 में पार्षद श्रीमती संगीता महेश जोशी के नेतृत्व में तुलसी नगर स्थित सरस्वती मंदिर के समीप क्षेत्र के रहवासियों एवं नगर निगम अधिकारियों के सहयोग से स्वच्छता अभियान भी चलाया गया और नागरिकों को जल के प्राकृतिक और परंपरागत स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने के लिए शपथ भी दिलाई गई। समाजसेवी हरि अग्रवाल भी इस अभियान में सक्रिय रूप से शामिल हुए। वार्ड क्र. 37, झोन 8 में जन भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के रहवासियों ने स्वयं झाडू लेकर नगर निगम के झोनल अधिकारी जुगल किशोर बारपेटे, उपयंत्री आकाश लश्करी, राम मनोहर गोसर, अरविंद पथरोड़, जयकिशन नागर एवं अन्य कर्मचारियों की टीम के साथ घर-घर से नागरिकों को इस अभियान में जोड़ा। समाजसेवी हरि अग्रवाल ने बताया कि क्षेत्र के शंभूनाथसिंह, निर्भयसिंह यदुवंशी, राकेश जायसवाल, विवेक शर्मा, अमोल पाटिल, राकेश बमोरिया, चौधरी काका, बिहारी बाबा, लक्ष्मीकांत वाजपेयी सहित बड़ी संख्या में नागरिक इस अभियान से जुड़े और श्रम दान कर कुए के आसपास भी सफाई की तथा रहवासियों को पानी की बचत करने का संदेश भी दिया।

#### रक्षा कर्मियों के लिए पीएनबी की पहल के तहत शहीद लांस नायक जितेंद्र कुमार यादव के परिवार को मिले एक करोड़ रूपये

## पीएनबी ने राष्ट्र नायकों को दी रक्षक प्लस योजना के जरिए श्रद्धांजलि



एजेंसी ● नई दिल्ली

योजना

देश की सेवा करने वाले वीर सपूतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी), सार्वजनिक क्षेत्र में देश के प्रमुख बैंक, ने अपनी महत्वपूर्ण 'पीएनबी रक्षक प्लस' योजना के तहत शहीद लांस नायक जितेंद्र कुमार यादव के परिवार को 1 करोड़ की वित्तीय सहायता प्रदान की। शहीद जितेंद्र कुमार यादव, ग्राम जगधरा, बलिया, के निवासी थे। यह शोकपूर्ण कार्यक्रम सिकंदरपुर, बलिया (उत्तर प्रदेश), में आयोजित किया गया, जिसमें कर्तव्य के दौरान एक दुखद दुर्घटना में अपनी जान गंवाने वाले सैनिक के सर्वोच्च बलिदान को सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी बलिया श्री प्रवीण कुमार लक्षकार ने चेक सौंपते हुए कहा, 'एक सैनिक के जीवन का कोई मुआवजा नहीं है। लेकिन जब पंजाब नेशनल बैंक जैसे संस्थान शहीदों के परिवारों का समर्थन करने के लिए आगे आते हैं, तो यह समाज को एक शक्तिशाली संदेश देता है - कि हमें उन लोगों के साथ खड़ा होना चाहिए जो हमारी रक्षा करते हैं।'

इस पहल पर बोलते हुए, पीएनबी के कार्यकारी निदेशक, श्री बिभु पी. महापात्रा, ने कहाः 'पीएनबी में, हम मानते हैं कि हमारी भूमिका का विस्तार वित्तीय सेवाओं से कहीं आगे तक है - यह राष्ट्र और उन लोगों के प्रति गहरी प्रतिबद्धता पर आधारित है जो बहादुरी से इसकी रक्षा करते हैं। रक्षक प्लस योजना रक्षा बलों के वीर पुरुषों और महिलाओं के प्रति हमारे सम्मान और अटूट समर्थन का सच्चा प्रतिबिंब है। शहीद लांस नायक जितेंद्र कुमार यादव के परिवार को दी गई सहायता केवल वित्तीय सहायता नहीं है - यह उनके बलिदान के लिए एक हार्दिक श्रद्धांजलि है और याद दिलाती है कि राष्ट्र अपने नायकों का सम्मान और स्मरण करता है।' पीएनबी की रक्षक प्लस योजना भारत की रक्षा के साथ-साथ वर्दीधारी कर्मियों और उनके परिवारों के प्रति कृतज्ञता और कर्तव्य के प्रतीक के रूप में उभरी है। यह मृत्यु की स्थिति में 1 करोड़ के व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा के रूप में वित्तीय कवरेज प्रदान करता है, साथ ही मृत्यु की स्थिति में 1.5 करोड़ का स्थायी पूर्ण विकलांगता और हवाई दुर्घटना कवरेज भी प्रदान करता है। इस योजना में आंशिक विकलांगता कवरेज और वर्दीधारियों की ज़रूरतों के हिसाब से व्यापक लाभ शामिल हैं।

यह योजना रक्षा, सीएपीएफ (केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल) और अर्धसैनिक बलों के कर्मियों की एक विस्तृत श्रृंखला तक फैली हुई है, जिसमें सेना, नौसेना, वायु सेना, सीआरपीएफ, बीएसएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी, अग्निवीर, भारतीय तटरक्षक, राज्य और मेट्रो पुलिस, रॉ, आईबी, सीबीआई, आरपीएफ, एनएसजी, एसपीजी, एनडीआरएफ, अग्निशमन दल और यहां तक कि प्रशिक्षु और जेंटलमैन कैडेट भी शामिल हैं। अकेले 2025 में, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना और अन्य राज्यों सहित भारत भर के कई शहीदों के परिवारों को रक्षक प्लस योजना के तहत वित्तीय सहायता मिली है, जो राष्ट्र के रक्षा बलों के प्रति पीएनबी की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है।

## पत्रकारिता और सिनेमा सृजन का संसार है : विजय तिवारी

### एमसीयू में "इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में अवसर और चुनौतियां" विषय पर एक विमर्श सम्पन्न

संवाददाता ● भोपाल





माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में "इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में अवसर और चुनौतियां" विषय पर एक विमर्श का आयोजन किया गया । इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग द्वारा आयोजित इस विमर्श की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने की। मुख्य वक्ता इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग के विभिन्न मीडिया संस्थानों में कार्यरत पूर्व विद्यार्थी संयुक्ता बनर्जी, अंकित शर्मा, अक्षय श्रीवास्तव, आशुतोष रंजन मालवीय, क्षितिज पांडेय थे। विमर्श का संयोजन विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. मोनिका वर्मा एवं सह-संयोजक डॉ. रामदीन त्यागी द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने विद्यार्थियों से कहा कि एक पत्रकार के रूप में आपके अंदर समस्या में जाने लायक ज्ञान होना चाहिए । उन्होंने कहा कि पत्रकारिता और सिनेमा एक खुला आसमान है और हम इसमें लाइन नहीं खींच सकते । कुलगुरु श्री तिवारी ने पत्रकारिता को सृजन का संसार एवं रचनात्मकता का क्षेत्र बताया एवं विद्यार्थियों से पुस्तकें पढ़ते रहने को कहा। मुख्य वक्ता संयुक्ता बनर्जी ने कहा कि डिजिटल में आपका थंबनेल ही सब कुछ है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि पत्रकारिता में एआई का इस्तेमाल कम करें एवं अपने दिमाग का इस्तेमाल ज्यादा करें । उन्होंने एआई पर हमेशा निर्भर ना रहने की बात कहते हुए कंटेंट को किंग बताया और साथ ही कहा कि कंटेंट ही आपको बना और बिगाड़ सकता है।मुख्य वक्ता अंकित शर्मा ने कहा कि पत्रकारिता एक ऐसा कार्य है जहां आपको धैर्य एवं मनोबल बनाए रखना चाहिए । उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने ऊपर विश्वास रखें और पूरी लगन से पत्रकारिता करें । कार्यक्रम के शुरुआत में विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. मोनिका वर्मा ने विमर्श के बारे में बताया। संचालन विद्यार्थी आयुष एवं शुभ राणा ने किया । जबकि आभार प्रदर्शन वरिष्ठ सहा. प्राध्यापक डॉ.अरुण खोबरे ने किया। इस अवसर पर विभाग के वरिष्ठ सहा. प्राध्यापक राहुल खड़िया, मुकेश चौरासे, प्रोड्यूसर डॉ. मनोज पटेल, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### भोपाल मंडल में रेल पटरियों की सुरक्षा को मिला डिजिटल कवच: USFD तकनीक से संरक्षा सुदृढ़

## डिजिटल डेटा संग्रहण, विश्लेषण और त्वरित कार्यवाही से संरक्षा को मिल रहा नया आयाम

संवाददाता ● भोपाल

सुरक्षा

भोपाल मंडल में रेल पटरियों की आंतरिक संरचना की सूक्ष्म जांच के लिए अल्ट्रासोनिक फ्लॉ डिटेक्शन (USFD) तकनीक का प्रभावी उपयोग किया जा रहा है। यह नवीनतम तकनीक रेल की पटरियों में समय के साथ उत्पन्न होने वाले आंतरिक दोषों को प्रारंभिक अवस्था में ही चिन्हित कर लेती है, जिससे आवश्यक अनुरक्षण कार्य समय पर पूरा किया जा सके और यात्री व मालगाड़ियों का परिचालन पूरी तरह सुरक्षित और संरक्षित रह सके।

भोपाल मंडल में वर्तमान में लगभग 2000 किलोमीटर ट्रैक की नियमित रूप से USFD मशीनों द्वारा जांच की जा रही है। इस जांच की आवृत्ति ट्रेनों के आवागमन के घनत्व (GMT) पर आधारित होती है और मंडल के विभिन्न सेक्शनों में प्रत्येक दो से चार माह में ट्रैक की जाँच की जाती है।

मंडल में वर्तमान में कुल 08 USFD टीमों का गठन किया गया है, जिनमें 15 प्रशिक्षित इंजीनियर कार्यरत हैं। ये सभी इंजीनियर बी-स्कैन USFD मशीनों से लैस हैं, जो ट्रैक की आंतरिक स्थिति को डिजिटल रूप में दर्ज कर तुरंत विश्लेषण की सुविधा प्रदान करती हैं। वेल्ड की सटीक जांच हेतु सभी टीमों को डिजिटल वेल्ड टेस्टर



भी प्रदान किए गए हैं, जिससे वेल्डिंग खामियों का सटीकता से पता लगाया जा सके। ट्रैक जांच के दौरान संपूर्ण कार्य का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जाता है, जिसे विश्लेषण कर आवश्यक कार्रवाई की जाती है। वर्ष 2024-25 में मंडल के स्तर पर 10,000 किलोमीटर ट्रैक, 34,000 वेल्ड, 4704 टर्नआउट और 4498 स्वीच एक्सपेंशन जॉइंट्स की सूक्ष्मता से जांच की गई। इस जांच के दौरान 861 फ्लॉ चिन्हित किए गए, जिनकी तत्काल मरम्मत कर दी गई, जिससे ट्रेनों के संचालन में कोई व्यवधान न आए और संरक्षा मानकों का पूर्ण पालन हो सके।

भोपाल मंडल के USFD इंजीनियरों को समय-समय पर आरडीएसओ लखनऊ एवं इरिसेन पुणे जैसे संस्थानों में विशेषज्ञ प्रशिक्षण हेतु भेजा जाता है, ताकि वे नवीनतम तकनीकी मानकों के अनुरूप कार्य कर सकें और संरक्षा में निरंतर सुधार किया जा सके।

USFD तकनीक आज भारतीय रेलवे की संरक्षा प्रणाली का एक अविभाज्य अंग बन चुकी है। यह न केवल ट्रैक की विश्वसनीयता और स्थायित्व को सुनिश्चित करती है, बल्कि समय रहते खतरों की पहचान कर संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम में भी सहायक सिद्ध हो रही है। भोपाल मंडल इस तकनीक के कुशल क्रियान्वयन से ट्रेनों के संरक्षित संचालन की दिशा में लगातार सफलताएं अर्जित कर रहा है।




**गर्मी का मौसम शुरू होते ही पतझड़ ने भी आमद दर्ज करवाई है। शायद ऐसा ही कुछ ये फोटो भी कहना चाहता है।**

## शॉर्ट न्यूज

### दो बाइक सवार गांजा तस्कर धराए

**इंदौर**। कनाड़िया पुलिस ने दो बाइक सवार तस्करों को गिरफ्तार किया हैं। आरोपियों से 2 किलो 400 ग्राम गांजा बरामद किया गया। फिलहाल दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही हैं। कनाड़िया पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो तस्कर गांजा बेचने की फिराक में कनाडिया बायपास सर्विस रोड खान कंपाउंड के पास गेट नं. 2 पर खड़े हैं, जिनके पास अधिक मात्रा में गांजा है। सूचना के आधार पर तुरंत फोर्स रवाना किया गया। यहां पुलिस को दो संदिग्ध लड़के खड़े दिखे, जिनको पकड़ा जाकर उनका नाम पता पूछते अपना नाम दीपेश पिता संतोष रजक उम्र 19 साल निवासी 133 चेतन नगर बंगाली चौराहा और एक नाबालिग होना पाया गया। उक्त आरोपियों की तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 2 किलो 400 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया।

### ट्रैक्टर चालक ने बाइक सवार परिवार को मारी टक्कर

**इंदौर**। सिमरोल इलाके में तेज रफ्तार से जा रहे एक ट्रैक्टर चालक ने बाइक सवार परिवार को टक्कर मार दी। हादसे में 10 साल की बच्ची की मौत हो गई जबकि ताऊ और बुआ घायल हो गए। सिमरोल पुलिस के मुताबिक हादसा कल शाम कजलीगढ़ रोड पर हुआ। मृतका नाम अर्पिता गिरवाल (10) है। घायलों के नाम सुरेश गिरवाल और निर्मलाबाई हैं। इनमें सुरेश को गंभीर चोट आई है। प्रारंभिक जानकारी में पचा चला कि बालिका अर्पिता, उसके ताऊ सुरेश और बुआ निर्मला बाइक पर सवार होकर रिश्तेदार के घर से मिलकर लौट रहे थे। इस दौरान कजलीगढ़ मेन रोड पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर के चालर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में अर्पिता रोड पर फिका गई और ट्रैक्टर का पिछला हिस्सा उसके ऊपर से गुजर गया।

### फायनेंस कंपनी प्रबंधक ने किया 41 लाख का गबन

इंदौर। विजय नगर इलाके में एक फायनेंस कंपनी के प्रबंधक ने ही कंपनी को 41 लाख की चपत लगाते हुए गबन कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया हैं। विजय नगर पुलिस के मुताबिक मामला शगुन टावर स्थित मोतीलाल ओसवाल होम फायनेंस लिमिटेड कंपनी का है। पुलिस ने कंपनी की तरफ से मनीष पिता ओमप्रकाश यादव की शिकायत पर आरोपी प्रमोद पिता महेंद्र कुमार नेनावा निवासी गुरु कृपा नगर के खिलाफ धोखाधड़ी और अमानत में खयानत की धाराओं में केस दर्ज किया है।पुलिस के अनुसार घटना 1 जनवरी 2024 की है। आरोपी प्रमोद कुमार नेनावा ओसवाल होम फायनेंस लिमिटेड कंपनी में क्षेत्रीय संग्रह प्रबंधक के रूप में काम करता था। कंपनी ने आर्थिक जांच पड़ताल की तो पता चला कि 41 लाख 35 हजार 199 रुपए की गड़बड़ी है। इस तरह से आरोपी ने बेईमानीपूर्वक अमानत में खयानत कर धोखाधड़ी की।

### यूजीसी की गाइडलाइन लागू होने के बाद यूनिवर्सिटी करेगी नवाचार

# डीएवीवी एक वर्ष में दूसरी बार दे रही पीएचडी में एडमिशन

**संवाददाता ● इंदौर**

**पहल**

ए ग्रेड प्राप्त देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के इतिहास में एक नवाचार होने वाला है। यूजीसी की नई गाइडलाइन लागू होने के बाद यूनिवर्सिटी पहली बार पीएचडी के कोर्स में 1 वर्ष में दूसरी बार एडमिशन दे रही है। इसके बाद पीएचडी करने वाले छात्रों में हर्ष की लहर दौड़ पड़ी है। इधर यूनिवर्सिटी में भी पीएचडी एडमिशन के लिए तैयारी शुरू कर दी है।

जानकारी अनुसार यूनिवर्सिटी द्वारा पीएचडी में उम्मीदवार को राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) और डॉक्टरल एंट्रेंस टेस्ट (डीईटी) के जरिए प्रवेश दिया जाएगा। 1 मई से ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। उम्मीदवारों के लिए 25 दिन का समय आवेदन करने के लिए रहेगा। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने परीक्षा की तारीख तय कर रखी है, जो एमपी ऑनलाइन के माध्यम से करवाई जाएगी। 14 जून को पेपर रखे गए हैं। डीईटी प्रभारी डॉ. अशेष तिवारी का कहना है कि जून और दिसंबर 2024 में नेट देने वाले उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। इन विषयों की रिक्त सीटों की जानकारी अगले महीने वेबसाइट पर जारी होगी। डीईटी के माध्यम से उम्मीदवारों को इंजीनियरिंग से जुड़े विषयों में प्रवेश दिया जाएगा। अप्लाइड मैथ्स, अप्लाइड फिजिक्स, अप्लाइड केमिस्ट्री, डाटा साइंस, कम्प्यूटर इंजीनियरिंग, स्टेटेटिक्स, एनर्जी, फार्मेसी, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इंस्ट्रूमेंटेशन, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंटेशन, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन, आईटी सहित 13 पीएचडी विषय हैं।



#### 50 फीसदी अंक लाना होंगे अनिवार्य

जानकारी अनुसार आवेदन की प्रक्रिया 1 से 25 मई के बीच रखी गई है। परीक्षा 14 जून को यूनिवर्सिटी के दो विभागों में होगी। परीक्षा में पहला पेपर रिसर्च मैथडलाजी और दूसरा संबंधित विषय होगा। दोनों में 50-50 प्रश्न पूछे जाएंगे। 100 अंक वाले इन परीक्षाओं में उम्मीदवारों को 50 फीसद अंक लाना अनिवार्य होगा । परीक्षा की जिम्मेदारी एमपी ऑनलाइन को दी जाएगी। यूनिवर्सिटी के नान डीईटी में पंजीयन एक मई से शुरु होंगे। 24 विषयों की रिक्त सीटों पर उम्मीदवारों को प्रवेश दिया जाएगा। अंग्रेजी, कम्प्यूटर साइंस, विधि, गृह विज्ञान, मराठी, हिंदी, रसायन सहित 24 पीएचडी विषयों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) स्कोर मान्य किया जाएगा।

### शिक्षकों की भर्ती : अंकुर की जगह मनोज दे रहा था परीक्षा!

**इंदौर**। प्राइमरी और मिडिल शिक्षकों की भर्ती के लिए कराई जा रही चयन परीक्षा में फर्जी परीक्षार्थी पकड़ाया है। एडमिट कार्ड की प्रिंटिंग से पकड़ में आया अभ्यर्थी मनोज प्रजापत शनिवार को इस्लामिया करीमिया कॉलेज पलासिया परीक्षा केंद्र से अंकुर के स्थान पर परीक्षा दे रहा था। केंद्राध्यक्ष आरिफ पटेल ने मनोज को पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मामले में दोनों मनोज और अंकुर के खिलाफ केस दर्ज किया जाएगा। कर्मचारी चयन मंडल शिक्षकों के 10 हजार से अधिक खाली पदों के लिए चयन परीक्षा आयोजित कर रहा है। इस परीक्षा में शामिल हो रहे जौरा मुरैना निवासी अंकुर पुत्र साहेब सिंह को इस्लामिया करीमिया कॉलेज पलासिया परीक्षा केंद्र आवंटित किया गया है। परीक्षार्थी समय से परीक्षा देने भी पहुंच गया। परीक्षा केंद्र में प्रवेश के बाद एडमिट कार्ड की चैकिंग के दौरान पर्यवेक्षकों को नकली एडमिट कार्ड का शक हुआ। जब परीक्षा केंद्र पर मौजूद दस्तावेजों से फोटो का मिलान किया, तो मामला पकड़ में आ गया। अभ्यर्थी से आधार कार्ड मांगा, तो वह भी अलग था। इसके बाद अभ्यर्थी से सख्ती से पूछताछ की गई, तो मनोज टूट गया और उसने बताया कि अंकुर के स्थान पर वह परीक्षा देने आया है। वह भी मुरैना का ही रहने वाला है। इसके बाद पुलिस बुलाई गई और मनोज को पुलिस के हवाले कर दिया गया।

# इंदौर में विकास को मिलेगी नई गति

### वार्ड 36 में सड़क निर्माण और लाइट पोल कार्यों का भूमिपूजन



**संवाददाता ● इंदौर**

**योजना**

नगर निगम के वार्ड क्रमांक 36 में कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट और महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने तलावली चंदा से अरंडिया बायपास तक सड़क निर्माण और लाइट पोल लगाने के कार्यों का भूमिपूजन किया। तीन करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस सड़क से क्षेत्रवासियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक और मध्यप्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट, स्थानीय पार्षद सुरेश कुरवाड़े और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे। इस अवसर पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि इंदौर तेजी से स्मार्ट और भविष्योन्मुखी शहर के रूप में विकसित हो रहा है। उन्होंने बताया कि नगर निगम में शामिल 29 गांवों में आने वाले सभी वार्डों में लगभग 20-20 करोड़ रुपये से अधिक के कार्य पूरे हो चुके हैं और शेष कार्य भी शीघ्र संपन्न किए जाएंगे।

महापौर ने कहा, 'हम इंदौर को 2050 तक के लिए तैयार कर रहे हैं। नर्मदा परियोजना के चौथे चरण का कार्य पूरा कर 430 एमएलडी से भविष्य में 900 एमएलडी पानी की आपूर्ति क्षमता बढ़ाई जा रही है।' उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इंदौर के इतिहास में पहली बार एक साथ 23 मास्टर प्लान सड़कों का निर्माण कार्य 450 करोड़ रुपये की लागत से शुरू हुआ है। ग्रीन सिटी मिशन के तहत महापौर ने हर साल पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके साथ ही, इंदौर को सौर ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में भी तेज़ी से कार्य हो रहा है। अभी तक 32,000 घरों पर सोलर रूफटॉप सिस्टम लगाए जा चुके हैं।

महापौर भार्गव ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि शहर के बीचोंबीच 36 एकड़ क्षेत्र में एक भव्य गार्डन और तालाब का निर्माण कार्य आगामी 10 दिनों में शुरू होगा। पोलोग्राउंड के सामने बनने वाला यह गार्डन 'भारतवन' के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां प्रत्येक राज्य की संस्कृति को दर्शाने के लिए विशेष गैलरियां स्थापित की जाएंगी। इस दौरान कैबिनेट मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा, 'डबल इंजन की सरकार के सहयोग से मध्यप्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव के नेतृत्व में इंदौर देश के अग्रणी शहरों में शुमार हो रहा है।' सिलावट ने कहा कि मजबूत ग्रामीण बुनियाद के बिना भारत का गौरवशाली भविष्य संभव नहीं है।

### फर्जी मार्कशीट बनाने वाले पकड़ाए बड़ी मात्रा में नकली दस्तावेज जब्त

**इंदौर**। खजराना पुलिस ने फर्जी मार्कशीट बनाने वाली गैंग का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से सैकड़ो फर्जी मार्कशीट बरामद की गई है। पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित सिंह और पुलिस उपायुक्त अभिनव विश्वकर्मा ने पुलिस को अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी के चलते टीआई मनोज सिंह सेंधव द्वारा टीम गठित की गई और अवैध गतिविधियों में शामिल आरोपियों पर निगाहें रखी गई। टीम ने मुखबीर की सूचना पर साइबर कैफे चलने वाला जावेद खान पिता अब्दुल खान निवासी खजराना को पकड़ा जहां से सैकड़ो मार्कशीट बरामद की है। पूछताछ में आरोपी के दो और साथी मोहम्मद शामुद्दीन निवासी हिना पैलेस और उसके भाई मोहम्मद रियाज पिता मोहम्मद शमसुद्दीन निवासी हिना पैलेस को गिरफ्तार किया है।

## सूरज की रोशनी से बिजली बनाने की तैयारी

**संवाददाता ● इंदौर**

सूरज की रोशनी से बिजली बनाने के लिए एक बार फिर तैयारी शुरू की गई है। बताया जाता है कि इस बार स्मार्ट सिटी कंपनी इस काम में रुचि दिखा रही है। हालांकि स्मार्ट सिटी कंपनी द्वारा अभी तक किए गए लगभग सभी कार्य किसी न किसी कारण खराब ही रहे हैं। इस बार स्मार्ट सिटी कंपनी सूरज की रोशनी से बिजली बनाने का एक्सपेरिमेंट शहर की मल्टियों पर करने वाली है। इसके लिए सोलर पैनल को लेकर आमजन और जिला प्रशासन से स्मार्ट सिटी विभाग ने फीडबैक मांगा है। जानकारी अनुसार शहर में लंबे समय से सुस्त पड़ी सोलर पैनल लगाने की योजना पर दोबारा काम करने जा रहा है। पूर्व में योजना को तैयार करने, इसके फायदे



और ग्रीन मोबेलिटी को बढ़ावा देने का काम किया गया था। एक साल से योजना को ठंडे बस्ते में डाल रखा है। अब एक बार फिर स्मार्ट सिटी विभाग इस पर काम शुरू करेगा। मकानों, दुकानों के साथ मल्टियों में भी पैनल लगाए जाने पर मंथन किया जा रहा है।

### निगम रिमूवल और मार्केट टीम के साथ महारानी रोड क्षेत्र में की कार्रवाई

# नगर निगम की विशेष मोबाइल कोर्ट ने बनाए 2 लाख के चालान

**संवाददाता ● इंदौर**

**कार्रवाई**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव और निगमायुक्त शिवम वर्मा ने बताया कि नगरीय क्षेत्र में जन स्वास्थ्य की दृष्टि से नागरिकों को स्वच्छ एवं शुद्ध खाद्य/पेय पदार्थ उपलब्ध कराने, मिलावट एवं गंदगी पर नियंत्रण, अतिक्रमण तथा बिना लायसेंस व्यापार करने वालों के विरूद्ध विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट (म्युनिसिपल मजिस्ट्रेट) मुकेश गुप्ता के निर्देशन में महारानी रोड के क्षेत्र में रिमूवल एवं मार्केट टीम के साथ मौके पर ही कार्रवाई की गई। विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट (म्युनिसिपल मजिस्ट्रेट) गुप्ता के निर्देशन में मोबाइल कोर्ट द्वारा गठित टीम के साथ ही रिमूवल और मार्केट विभाग के अधिकारियों एवं



कर्मचारियों की टीम द्वारा, महारानी रोड इन्दौर क्षेत्र एवं संबंधित संपर्क मार्ग के दोनों और स्थित दुकानों पर कार्रवाई की गई।

कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में अवैध रूप से फुटपाथ एवं सड़क किनारे बनाए गए शेड, अतिक्रमण, साथ ही बिना निगम लाइसेंस के व्यवसाय करने वाले दुकानदारों तथा कचरा वे गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों का मौके पर ही 59 से अधिक स्पॉट फाइन कर 2 लाख 48 हजार की राशि वसूल की गई। इस अवसर पर निगम की ओर से रिमूवल के बबलू कल्याणे, स्वास्थ्य अधिकारी गौतम भाटिया, राजेश जायसवाल, विवेक गंगराड़े, लखन शास्त्री, संदीप पटौदी, निगम के जितेन्द्र भावसार के साथ विभिन्न झोन के सेनेटरी इंस्पेक्टर, सहायक सेनेटरी इंस्पेक्टर आदि के साथ निगम, पुलिस तथा कोर्ट के कई अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भारत भावुक, पाकिस्तान की नींद उड़ी...

कश्मीर घाटी में ऐसा संभवतः पहली बार हुआ है- धर्म पूछ-पूछ कर गोली मारना। नाम पूछकर गोली मारना। कलमा नहीं पढ़ पाने पर गोली मारना, इन दहशतगर्दों को कौन बताए कि सबसे बड़ा धर्म इंसानियत है। और कुछ नहीं। कुछ भी नहीं। जम्मू-कश्मीर में इसके पहले भी आतंकी हमले होते रहे हैं, लेकिन आम लोगों पर बहुत कम। अब तक आतंकवादी वहां सरकार, व्यवस्था, फौजियों और अर्द्ध-सैनिक बलों पर ही हमले करते रहे हैं।

हालांकि कोई फौजी शहीद हो या सिपाही या कोई सरकारी कर्मचारी, देश के लोग उसी तरह भावुक होते हैं जैसे आज हैं, लेकिन यह सच है कि पर्यटकों पर पहली बार इतना वीभत्स हमला किया गया है। हमले के तुरंत बाद या दूसरे दिन से ही टीवी चैनल ऐसा बता रहे हैं जैसे भारत पाकिस्तान पर बस हमला करने ही वाला है। केवल एक मीटिंग की देर है। लेकिन ऐसा नहीं है। कूटनीतिक कार्रवाई पर विचार हो सकता है पर इसका मतलब हमला या सर्जिकल स्ट्राइक ही नहीं है। यह जरूर है कि इस नरसंहार के बाद पूरा राष्ट्र उद्वेलित है। भावुक है। अति संवेदनशील भी। वह चाहता है कि इस जघन्यता का बदला जरूर लेना चाहिए। तुरंत। अभी। हो सकता है ऐसा हो भी। लेकिन तुरंत नहीं। सरकार को अलग तरह से सोचना पड़ता है। हालात के तमाम प्लस-माइनस मापे जाते हैं। फिर कोई कार्रवाई या रणनीति बनाई जाती है। वही होगा भी।दरअसल, कश्मीर से धारा 370 हटने के बाद की शांति दहशतगर्दों और उनके आका पाकिस्तान को रास नहीं आ रही है। शांतिपूर्ण कश्मीर को देखकर उनके पेट में बल पड़ रहे हैं। सीधे कहा जाए तो धारा 370 का हटना भी उन्हें रास नहीं आ रहा है। वे इस पूरी प्रक्रिया को, इस पूरी व्यवस्था को ही पटरी से उतारने पर तुले हैं। लेकिन क्या इस सबके लिए इतना जघन्य नरसंहार कर डालेंगे? यह कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता। पर्यटक- जिनमें कुछ नवविवाहित थे, कुछ अफसर अपने परिवार के साथ थे, किसी की मांग उजड़ी, किसी की गोद। पहलगाम की जन्नत को इन आतंकियों ने कुछ ही देर में मरघट में बदल दिया।

सबके सब पर्यटक कलमा नहीं पढ़ पाने के कारण मार दिए गए? इस तरह के अपराधों की सभ्य समाज में कोई जगह नहीं हो सकती। कोई और किसी प्रकार की क्षमा भी नहीं। निश्चित ही दोषी आतंकवादियों और उनके मुखबिरों को ढूंढकर सजा दी ही जाएगी। लेकिन पाकिस्तान पर हमला या सर्जिकल स्ट्राइक जैसी कार्रवाई की फिलहाल संभावना नहीं दिखाई देती। इसलिए कि इस बारे में सुरक्षा एजेंसियों से विस्तृत इनपुट लिया जाएगा।चूंकि यह अपनी तरह का पहला आतंकी हमला है इसलिए यह भी देखा जाएगा कि ये कोई ट्रैप तो नहीं है? कौन-कौन इस सब में शामिल हो सकते हैं? ये उकसावा कहीं चीन की तरफ से तो नहीं है? है तो किस हद तक? पाकिस्तान इसमें कितना और किस तरह शामिल है? यह सब विचार भारत सरकार करेगी और फिर तय किया जाएगा कि इससे निबटने के उपाय क्या हैं? कैसे हो सकते हैं? आदि।ये जरूर है कि कश्मीर में अब सख्ती बहुत ज्यादा बढ़ जाएगी। दहशतगर्दों को ढूंढ-ढूंढकर बाहर लाया जाएगा। अंजाम तक पहुंचाया जाएगा। क्योंकि यह पहली बार है, जब इस आतंकी हमले के खिलाफ कश्मीर के कोने-कोने में भी प्रदर्शन हो रहे हैं और वहां के स्थानीय लोगों में हमलावरों के प्रति गुस्सा है। केवल जम्मू या श्रीनगर ही नहीं, गांदरबल और इसके जैसे कई दूरस्थ इलाकों में भी हमले के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे हैं।

इसके पहले कश्मीर में जब भी प्रदर्शन या बंद होता था तो वो सरकार या व्यवस्था के खिलाफ हुआ करता था। इस हमले के बाद कश्मीरियों ने यह दिखाने की पूरी कोशिश की है कि वे अब यहां शांति चाहते हैं। आम लोगों पर इस तरह के हिंसक हमले का वे कतई समर्थन नहीं करते, बल्कि जमकर विरोध करना चाहते हैं। इन प्रदर्शनों को देखकर इस बार पाकिस्तान की नींद जरूर उड़ जाएगी। क्योंकि अब तक वह समझता रहा है कि कश्मीर के लोग दबे-छिपे ही सही, लेकिन उसके साथ हैं। अब दृश्य बदल चुका है। पाकिस्तान की नींद इसलिए भी उड़ जाने वाली है कि भारत सरकार इसका बदला लेने के लिए क्या कर सकती है, इसका अंदाजा लगाना भी मुश्किल है। कश्मीरियों ने यह दिखाने की पूरी कोशिश की है कि वे अब यहां शांति चाहते हैं। आम लोगों पर इस तरह के हिंसक हमले का वे कतई समर्थन नहीं करते, बल्कि जमकर विरोध करना चाहते हैं।

**निश्चित ही दोषी आतंकवादियों और उनके मुखबिरों को ढूंढकर सजा दी ही जाएगी। लेकिन पाकिस्तान पर हमला या सर्जिकल स्ट्राइक जैसी कार्रवाई की फिलहाल संभावना नहीं दिखाई देती। इसलिए कि इस बारे में सुरक्षा एजेंसियों से विस्तृत इनपुट लिया जाएगा।चूंकि यह अपनी तरह का पहला आतंकी हमला है इसलिए यह भी देखा जाएगा कि ये कोई ट्रैप तो नहीं है? कौन-कौन इस सब में शामिल हो सकते हैं? ये उकसावा कहीं चीन की तरफ से तो नहीं है? है तो किस हद तक? पाकिस्तान इसमें कितना और किस तरह शामिल है? यह सब विचार भारत सरकार करेगी और फिर तय किया जाएगा कि इससे निबटने के उपाय क्या हैं?**

## संत वचन

जिसे उन्होंने खुद सबसे अधिक ईमानदारी से कायम रखा और अपने मंत्रालय में प्रचार करना जारी रखा।ईश्वर हम सभी के साथ रहें और वह हमारे हर प्रयास और प्रयासों को आशीर्वाद दें ताकि हम सभी चीजों में उनकी महिमा करते रहें। इसके बजाय, ईसाइयों के रूप में, यह हमेशा महत्वपूर्ण है कि हम विनम्र रहें और दूसरों की बात सुनने के लिए तैयार रहें, खासकर भगवान की बात सुनने में। एंटिओक के सेंट इग्नाटियस प्रेरितों के शुरूआती उत्तराधिकारियों में से एक थे और प्रेरितों के महान मिशनरी कार्यों के समय में ईसाई धर्म में परिवर्तित हो गए थे, जो चर्च की स्थापना कर रहे थे और दुनिया भर में कई लोगों को खुशखबरी फैला रहे थे। चर्च के इतिहास और परंपरा के अनुसार एंटिओक के सेंट इग्नाटियस सेंट जॉन द एपोस्टल के शिष्य थे, और इसलिए प्रेरितों के बारे में सीधे जानते..

थे और उनसे सच्चाई प्राप्त की, जिसे उन्होंने खुद सबसे अधिक ईमानदारी से कायम रखा और अपने मंत्रालय में

# ग्रेजुएशन पसंद नहीं तो हाथों का कमाल दिखाएं !

अनिल और सुनील दो भाई हैं। सुनील, अनिल से 6 साल छोटा है। परिवार के सहयोग के लिए, अनिल कॉलेज नहीं गया और इलेक्ट्रिशियन बन गया। उसने और माता-पिता ने, सुनील की ग्रेजुएशन में मदद की और उसे एक अच्छी नौकरी मिल गई। लेकिन कुछ समय पहले उसकी नौकरी चली गई, जबकि अनिल का इलेक्ट्रिकल कॉन्ट्रैक्ट का बिजनेस काफी बढ़ गया। पिछले हफ्ते तक सुनील को कोई भी ऐसी नौकरी नहीं मिली, जिसमें पहले जितना वेतन हो। शनिवार को मेरी मुलाकात उसके पिता से हुई। उन्होंने कहा, ह्यमुझे शायद सुनील को कंप्यूटर की डिग्री लेने के लिए जोर नहीं देना चाहिए था। अगर मैंने उसे शौक के मुताबिक, इंटीरियर डिजाइनिंग सीखने दी होती, तो आज वो अनिल के बढ़ते बिजनेस में साथ दे पाता। ऐसा सोचने वाले वे अकेले नहीं हैं। पहले माता-पिता, ग्रेजुएशन डिग्री की तुलना में वोकेशनल यानी पेशेवर कोर्स को खास तवज्जो नहीं देते थे।

**एडिट.नोट**

लेकिन अब व्हाइट कॉलर जॉब के हिमायती पेरेंट्स मानने लगे हैं कि जो बच्चे हाथों का इस्तेमाल करने वाले किसी कौशल में महारत हासिल करेंगे, वे कभी बेरोजगार नहीं रहेंगे। ऐसे कौशलों की मांग इतनी ज्यादा है कि विकसित देशों के सार्वजनिक हाईस्कूल ह्यशॉपह्न कक्षाएं दे रहे हैं, जहां छात्रों को कंस्ट्रक्शन, मैन्युफैक्चरिंग और कारपेंटरी सिखाने वाले पेशेवर शैक्षणिक कोर्स मिल रहे हैं। अमेरिका में 2024-25 का ट्रेंड तो यही है।जो पेरेंट्स सोचते थे कि उनके बच्चे को डेस्क जॉब करनी चाहिए, वे अब पेशेवर शिक्षा की ओर जा रहे हैं क्योंकि इससे करिअर के दो रास्ते खुल जाते हैं। या तो बच्चा सुनील की तरह कॉलेज जा सकता है या अनिल की तरह, सीधे काम शुरू कर सकता है।

यह सोच अब मध्यमवर्गीय परिवारों में भी जगह बना रही है, जहां ग्रेजुएट होना गर्व का विषय माना जाता है। वे समझने लगे हैं कि तार्किक सोच आधारित नौकरियां कम हो रही हैं और वे नहीं चाहते कि उनका बच्चा डेस्क जॉब करे।

आपको पता होगा कि दिल्ली में जन्मी अभिनेत्री कृति सेनन की मां चाहती थीं अगर कृति का एक्टिंग करियर नहीं चला, तो बैकअप प्लान के तौर पर वे इंजीनियरिंग पूरी कर लें। इसी तरह स्पिन के जादूगर अनिल कुंबले जानते थे कि खेल की दुनिया में करिअर बहुत अनिश्चित होता है और एक चोट भी घातक हो सकती है। इसलिए बैकअप में मैकेनिकल इंजीनियरिंग की डिग्री गेमचेंजर साबित हुई।

एक हालिया इंटरव्यू में उन्होंने कहा, ह्यविकल्प के तौर पर, मेरा इंजीनियर होना बहुत अच्छा था। मैं जानता था कि कुछ भी गड़बड़ होने पर, मैं नौ से पांच की नौकरी के लिए तो एप्लाई कर ही सकता हूं। खुशकिस्मती से, कृति और कुंबले, दोनों को बैकअप प्लान इस्तेमाल नहीं करने पड़े। लेकिन आधुनिक पैरेंट्स और नई पीढ़ी सोचती है कि बैकअप प्लान किसी पेशेवर कोर्स के इर्दगिर्द होना चाहिए, ताकि कभी खाली न बैठना पड़े। वे अपने बच्चों को सलाह देते हैं कि ह्यूमैनिटीज, आर्ट या कौशल आधारित ट्रेड में करिअर बनाना भविष्य के लिए ज्यादा सुरक्षित विकल्प है। आज सॉफ्टवेयर बनाने वाले और सर्जरी करने वाले बॉट का डर है।

ऐसे में स्टेम (साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथ्स) का बुलबुला फूटने वाला है। इसलिए पेरेंट्स अपने बेटे-बेटियों को म्यूज़िक और डांस से लेकर इंटीरियर डिजाइन या कारपेंटरी और इलेक्ट्रिकल जैसे कोर्स तक करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। भले ही सभी माता-पिता ऐसा न सोचें, लेकिन इस सोच की लहर शुरू तो हुई है, खासतौर पर तब, जब बच्चे ग्रेजुएशन में बहुत रुचि नहीं दिखा रहे। फंडा यह है कि अगर आप कॉलेज जाने के लिए तैयार नहीं हैं, तो किसी पेशेवर कोर्स से जुड़ जाइए और अपने हाथों का कमाल दिखाइए। समय के साथ आपके हाथों का यही कौशल बड़ी कमाई का जरिया बन सकता है।

**एन. रघुरामन - लेखक**

# जब दर्द का मेल मानवता से होता है तो घाव भरने लगते हैं

एक युवा महिला अपनी मां के साथ एक गुड़िया लेकर होटल की लॉबी में आती है। वह लोरी गा रही होती है और गुड़िया को सचमुच का दूध पिलाती है। रिसेप्शन स्टाफ से मिलने पर वह नम आंखों से कहती है, गुड़िया कुछ पी नहीं रही है, अगर वो मर गई तो क्या होगा? मैं फिर से यह सब नहीं सह पाऊंगी। छह महीने पहले उसने अपने बच्चे को खो दिया था। दूध पिलाते समय बच्चे का दम घुट गया था। तब से वह रिकवर नहीं कर पाई है। वह गुड़िया ही उसकी हीलिंग का एक तरीका थी। उसके परिवार ने मानसिक उपचार के लिए उस होटल में चेक-इन किया था। राजलक्ष्मी नाम की एक मृदुभाषी हाउसकीपिंग स्टाफ उसके पास आती है और कहती है, मैंने भी सालों पहले अपने बच्चे को खो दिया था।

मैं भी तुम्हारी तरह रोई थी। क्या तुम मुझे अपनी गुड़िया गोद लेने दोगी? मैं उसे दूध पिलाऊंगी, उसके लिए लोरी गाऊंगी... और हो सकता है, जब तुम इसके लिए तैयार होओ तो भगवान तुम्हारे लिए सचमुच का एक बच्चा भेज देंगे। युवती ने उसकी ओर देखा, रुकी और आंखों में आंसू लिए गुड़िया उसे थमा दी। उसने ऐसा इसलिए किया क्योंकि इससे पहले किसी ने उसके साथ ऐसा व्यवहार नहीं किया था। उस दिन राजलक्ष्मी ने उसके साथ घंटों बिताए- उससे बातें की, उसे खाना खिलाया, उसे शांत किया- और यह सब उसकी ड्यूटी के समय के बाद हुआ। उस दिन से युवती दिन में कई बार राजलक्ष्मी से मोबाइल पर बात करने लगी। लेकिन धीरे-धीरे उसके कॉल आना कम हुए और फिर पूरी तरह से बंद हो गए। छह महीने बाद, होटल को उस युवती की मां का एक पत्र मिला, जिसमें लिखा था- अब वह ठीक हो रही है, वो फिर से मुस्कराने लगी है और गर्भवती भी है। यह भगवान और राजलक्ष्मी की ओर से एक उपहार है। होटल के जीएम की आंखों में आंसू आ गए और उस दिन उन्होंने वह सबक सीखा, जो अपने लंबे करियर में इससे पहले कभी नहीं सीखा था- हॉस्पिटैलिटी पांच सितारों नहीं, पांच सेकंड के बारे में है। उन्होंने आतिथ्य और दयालुता का वास्तविक अर्थ समझा कि जब पीड़ा का मेल विशुद्ध मानवता से होता है, तो कुछ ठीक होने लगता है। चेन्नई के रेडिसन ब्लू जीआरटी होटल के बारे में सोशल मीडिया में वायरल हो रही यह कहानी मुझे हाउसकीपिंग स्टाफ के साथ अपने तमाम अनुभवों की याद दिलाती है। यह 1980 के दशक में मेरी पहली विदेश यात्रा थी। मैं यूएई के दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा था।

तब तक मैंने सुना था कि यूएई में सभी स्थानीय कॉल मुफ्त हैं। लेकिन मुझे नहीं पता था कि यूएई के सात अमीरातों के बीच कॉल करना निःशुल्क नहीं है। मैंने शारजाह में रहने वाले अपने परिचित को फोन किया और संपर्क हुआ नहीं। मैं परेशान हो गया। मेरे चेहरे पर हैरानी को देखते हुए दुबई हवाई अड्डे पर केरल के एक हाउसकीपिंग स्टाफ ने मुझसे पूछा कि क्या समस्या है। जब मैंने उन्हें बताया कि मैं कनेक्ट नहीं कर पा रहा हूं, तो उन्होंने कहा कि दूसरे अमीरात के लोगों के साथ निःशुल्क बात नहीं की जा सकती। जब मैंने कहा कि मेरे पास स्थानीय मुद्रा नहीं है, तो उन्होंने बिना कुछ सोचे अपना एप्रन निकाला, कमीज में अपना हाथ डाला जिसमें कुछ सिक्के रखे थे और मुझे दे दिए। मैंने पब्लिक बूथ में जाकर अपने परिचित को फोन लगाया और उनसे बात की। जब मैं उस हाउसकीपिंग स्टाफ को धन्यवाद देने के लिए लौटा, तो वे वहां से जा चुके थे। तब से मैं कई बार यूएई गया हूं और आज भी मेरी आंखें एयरपोर्ट में उन्हें ढूंढती रहती हैं। उनका चेहरा मेरी यादों में 1980 के दशक से ही ताजा है।एक और घटना 2017 के आसपास मुंबई के डीएन रोड मेट्रो स्टेशन पर हुई थी, जब एक हाउसकीपिंग स्टाफ एक विकलांग व्यक्ति को ट्रेन से उठाकर ऑटो स्टैंड तक ले गया था और उसके धन्यवाद कहने का भी इंतजार नहीं किया। चूंकि मैंने अपने मोबाइल पर उनकी तस्वीर खींच ली थी, इसलिए मेट्रो के सीईओ स्व. शुभोदय मुखर्जी को उनका नाम पुरस्कृत करने के लिए सुझाया था। फंडा यह है कि मुझे अहसास हुआ है निर्धनता में दयालुता उतनी ही सच्ची होती है, जैसे कीचड़ में कमल। क्योंकि जब दर्द का मेल विशुद्ध मानवता से होता है तो घाव भरने लगते हैं। मानना है इन संशोधनों से वक्फ बोर्ड ज्यादा सक्षम होगा। ज्यादा पारदर्शिता से काम करेगा और ज्यादा जवाबदेह होगा। आखिर कौन से लोग हैं जो वक्फ संशोधन बिल से वक्फ संपत्तियों को रेगुलेट करने का विरोध करना चाहते हैं। नियमन से ऐसी संपत्तियों से संबंधित विवादों को निपटाने का अधिकार मिलेगा।

## बिजनेस

# '25 हजार रोजगार दिए, नए निवेश से 27 हजार लोगों को और जोड़ेंगे'- प्रणव अदाणी ने बताई पूरी प्लानिंग

**पटना।** बिहार की राजधानी में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बहाने देश-विदेश के करीब 800 बिजनेसमैन जुटे। बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 के नाम से पटना के ज्ञान भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में देश के मशहूर उद्योगपति प्रणव अदाणी ने बिहार सरकार और बिहार के माहौल की खुले मन से प्रशंस की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दृष्टिकोण से पूरे देश के लिए लाभकारी विकास का एक मॉडल तैयार हुआ है। यही कारण है कि अदाणी समूह ने अबतक यहां 25 हजार रोजगार दिए हैं और नए निवेश के जरिए 27 हजार लोगों को अवसर देने की तैयारी है। उन्होंने बिहार में 20,000 करोड़ रुपये का निवेश कर एक अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट स्थापित करने योजना की जानकारी देकर एक बड़ी उम्मीद भी जताई।प्रसिद्ध उद्योगपति प्रणव अदाणी ने बिहार के माहौल को लेकर कहा- ₹मैं बिहार सरकार को बधाई देना चाहूंगा, जिन्होंने अर्थव्यवस्था के हर क्षेत्र से इतने प्रभावशाली लोगों को एक मंच पर लाने का काम किया है।बिहार के माननीय मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य के हर क्षेत्र में बदलाव हो रहा है, विशेष रूप से शासन व्यवस्था, व्यापार करने में आसानी, स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान पहुँच, सामाजिक सुधार, कानून और व्यवस्था, शिक्षा और साक्षरता, महिलाओं और वंचितों का सशक्तिकरण के क्षेत्र में। और इस आयोजन के संदर्भ में, इंफ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विकास आपके नेतृत्व की खास पहचान बन चुका है। माननीय मुख्यमंत्री के दृष्टिकोण से पूरे देश के लिए लाभकारी विकास का एक मॉडल तैयार हुआ है। मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि अदाणी ग्रुप, बिहार के लिए आपके दृष्टिकोण से बहुत प्रेरित है।

इसका सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि हम बिहार के सबसे बड़े निजी निवेशक हैं। प्रणव अदाणी ने अपने अनुभवों का जिक्र करते हुए बताया कि अबतक क्या किया है और आगे क्या करेंगे। उन्होंने कहा- ₹पिछले साल आयोजित हुए बिहार बिजनेस कनेक्ट में, मैंने आपसे वादा किया था कि मैं बिहार में हमारी प्रगति के बारे में आपको जानकारी देता रहूंगा। आज मैं आपको हमारे मौजूदा और भविष्य की निवेश योजनाओं के बारे में बताना चाहता हूं। पांच महीने पहले, जुलाई के अंत में, हमने बिहार में एक और नए क्षेत्र में प्रवेश किया था जब आपने दो साल पहले एसीसी और अंबुजा सीमेंट्स के अधिग्रहण के बाद, हमारी पहली ग्रीनफील्ड सीमेंट परियोजना की नींव रखी थी। यह परियोजना वारिसलीगंज में एक सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट है। हमारी योजना बिहार में 2,500 करोड़ रुपये का निवेश कर, कई चरणों में 10 एमएमटीपीए क्षमता का सीमेंट उत्पादन स्थापित करने की है। इससे बिहार के नागरिकों के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से करीब 9,000 रोजगार के अवसर पैदा होंगे।₹ उन्होंने बताया- ₹हमने तीन क्षेत्रों, लॉजिस्टिक्स, गैस डिस्ट्रीब्यूशन और एग्री-लॉजिस्टिक्स में, अब तक लगभग 850 करोड़ रुपये का निवेश किया है और प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से करीब 25,000 लोगों को रोजगार दिया है। अब हम इन क्षेत्रों में 2,300 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश करने जा रहे हैं। इससे न केवल हमारी भंडारण और प्रबंधन क्षमता बढ़ेगी, बल्कि ईवी, सीजीडी और सीबीजी क्षेत्रों में भी हमारी उपस्थिति बेहतर होगी। इसके साथ ही इससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से करीब 27,000 अतिरिक्त स्थानीय रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। हम बिहार में गति शक्ति रेलवे टर्मिनल, आईसीडी (इनलैंड कंटेनर डिपो) और इंडस्ट्रियल वेयरहाउसिंग पार्क जैसे रणनीतिक इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में संभावित रूप से 1,000 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए आपकी सरकार के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

**राज-काज**

### चौथी तिमाही में एलआईसी का मुनाफा 13762 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम यानी एलआईसी ने सोमवार को चौथी तिमाही के लिए अपने नतीजों का एलान कर दिया। सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी ने अपनी एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि मार्च तिमाही में कंपनी को 13,762 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ। मार्च 2024 तिमाही के नतीजों के साथ ही कंपनी ने निवेशकों के लिए 6 रुपये प्रति शेयर के लाभांश का भी एलान किया है। मार्च 2024 तिमाही में कंपनी का मुनाफा पिछले वित्तीय वर्ष के समान तिमाही के 13,191 करोड़ रुपये की तुलना में 4.5% अधिक है।रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने सोमवार को निजी क्षेत्र के दो बैंकों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया। केंद्रीय बैंक ने बताया कि यस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक कई नियमों का उल्लंघन करने के दोषी पाए गए हैं। इसके चलते आरबीआई ने यस बैंक पर 91 लाख और आईसीआईसीआई बैंक पर 1 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाने का फैसला किया।

# सेबी ने रिलायंस बिग एंटरटेनमेंट पर कसा शिकंजा, बैंक-डीमैट खाते जब्त करने का आदेश

**मुंबई।** सेबी ने रिलायंस बिग एंटरटेनमेंट के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 26 करोड़ रुपये की बकाया राशि वसूलने के लिए उसके बैंक, डीमैट खातों और म्यूचुअल फंड होल्डिंग्स को जब्त करने का आदेश दिया है। यह कदम रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड की ओर से अवैध फंड डायवर्जन के संबंध में नवंबर में जारी नोटिस के बाद उठाया गया है।बाजार नियामक ने 14 नवंबर को रिलायंस बिग एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड (जिसे अब आरबीईपी एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को एक नोटिस भेजा था और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) के मामले में धन के अवैध डायवर्जन से संबंधित आरोपों पर इकाई को 15 दिनों के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने को कहा था।

नोटिस के अनुसार, रिलायंस बिग एंटरटेनमेंट पर 26 करोड़ रुपये बकाया थे, जिसमें ब्याज और वसूली लागत शामिल थी। नोटिस के अनुसार, सेबी ने कहा कि यह मानने के लिए पर्याप्त कारण हैं कि चूककर्ता बैंक खातों और डीमैट खातों या म्यूचुअल फंड फोलियो में प्रतिभूतियों का निपटान कर सकता है और ₹इससे, देय राशि की वसूली में देरी या बाधा उत्पन्न होगी₹। इसलिए, सेबी ने सभी बैंकों, डिपॉजिटरीज और म्यूचुअल फंडों से कहा कि वे खातों से किसी भी प्रकार की डेबिट की अनुमति न दें। पिछले सप्ताह नियामक ने कंपनी से धन के अवैध हस्तांतरण के लिए 78 करोड़ रुपये की बकाया राशि वसूलने के लिए तीन संस्थाओं को कुर्की नोटिस भेजा था।

ये संस्थाएं हैं, आधार प्रोजेक्ट मैनेजमेंट एंड कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड, इंडियन एग्री सर्विस प्राइवेट लिमिटेड और मोहनबीर हाई-टेक बिल्ड प्राइवेट लिमिटेड। इस वर्ष अगस्त में सेबी ने उद्योगपति अनिल अंबानी, रिलायंस होम फाइनेंस के पूर्व प्रमुख अधिकारियों सहित 24 अन्य संस्थाओं को कंपनी से धन के हेर-फेर के लिए प्रतिभूति बाजार से पांच वर्ष के लिए प्रतिबंधित कर दिया था। सेबी ने अंबानी पर 25 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया है और उन्हें पांच साल के लिए किसी भी सूचीबद्ध कंपनी या बाजार नियामक के साथ पंजीकृत किसी भी मध्यस्थ में निदेशक या प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक (केएमपी) के रूप में प्रतिभूति बाजार से जुड़ने पर रोक लगा दी है।

# तीसरी तिमाही में टीसीएस का शुद्ध मुनाफा 11.95 प्रतिशत बढ़कर 12,380 करोड़ रुपये हुआ




**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी आईटी सेवा निर्यातक कंपनी टीसीएस ने गुरुवार को तीसरे तिमाही के वित्तीय परिणाम जारी किए। कंपनी ने बताया कि दिसंबर तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 11.95 प्रतिशत बढ़कर 12,380 करोड़ रुपये हो गया। टाटा समूह की कंपनी ने एक साल पहले इसी तिमाही में 11,058 करोड़ रुपये और एक तिमाही पहले 11,909 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हासिल किया था।समीक्षाधीन तिमाही के दौरान इसकी कुल आय 6.13 प्रतिशत बढ़कर 65,216 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 61,445 करोड़ रुपये थी और यह पिछली सितम्बर तिमाही के 64,988 करोड़ रुपये से अधिक थी।कुल व्यय 6.33 प्रतिशत बढ़कर 48,550 करोड़ रुपये हो गया, जो एक वर्ष पूर्व इसी अवधि में 45,658 करोड़ रुपये था। टीसीएस के शेयर गुरुवार को बीएसई पर 1.72 प्रतिशत की गिरावट के साथ 4,036.65 रुपये पर बंद हुआ। इस बीच, कंपनी ने एक बयान में कहा कि तिमाही के अंत में उसके कर्मचारियों की संख्या 5,000 से ज्यादा कम हुई और अब यह घटकर 6,07,354 रह गई है। कंपनी ने शेयरधारकों को 10 रुपये प्रति शेयर का अंतरिम लाभाश और 66 रुपये प्रति शेयर का विशेष लाभांश देने का भी एलान किया है।




भोपाल में पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ लोग विरोध प्रदर्शन करते हुए।

### मुख्यमंत्री डॉ. ने 300 दिव्यांगजनों को बैटरीयुक्त ट्राईसिकल सहित अन्य सहायक उपकरण किये वितरित

# दिव्यांगजनों की रक्षा के लिये पूरी तरह से है प्रतिबद्ध : सीएम

**संवाददाता ● भोपाल**

**पहल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिये सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने इंदौर में दिव्यांगजनों के हित में आयोजित एक गरिमामय समारोह में 300 दिव्यांगजनों को कुल 749 बैटरीयुक्त ट्रायसिकल सहित अन्य तरह के सहायक उपकरणों का वितरण किया। जिला प्रशासन की पहल पर आईडीबीआई बैंक के सामाजिक दायित्व कार्यक्रम तथा भारतीय रेडक्रास सोसाइटी के वित्तीय सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न हिस्सा हैं। हमारी सरकार उनका आत्मसम्मान बढ़ाने, उन्हें स्वावलंबी बनाने और मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि बैटरीयुक्त ट्राईसिकल और सहायक उपकरणों से दिव्यांगजनों की गतिशीलता बढ़ेगी और वे अधिक स्वतंत्रता के साथ सुविधाजनक रूप से अपने कार्यों को सहजता से कर सकेंगे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने निजी क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न संस्थानों से भी आह्वान किया कि वे दिव्यांगजनों को रोजगार उपलब्ध कराने में प्राथमिकता दें जिससे कि वे समावेशी विकास का हिस्सा बनें।

उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों के जीवन को आसान और सम्मानजनक बनाने के लिए भविष्य में भी अनेक योजनाएँ लेकर आएगी। इस अवसर पर नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव,विधायक श्री महेन्द्र हार्डिया, श्री रमेश मेंदोला, श्रीमती मालिनी गौड़ तथा श्री मनोज पटेल,श्री सुमित मिश्रा, श्री सावन सोनकर और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।



**व्यिांगजनों को मिली यह सहायता**

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने 105 से अधिक दिव्यांगजनों को बैटरीयुक्त ट्राईसाइकिले नि:शुल्क प्रदान कीं। उन्होंने जिला प्रशासन, इंदौर द्वारा दिव्यांगजनों की निजी क्षेत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए "दिव्यांग रोजगार पोर्टल" की भी शुरुआत की। समारोह में 4 दिव्यांगजनों को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित इकाइयों में नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में 300 दिव्यांगजनों को 70 लाख 50 हजार रुपये से अधिक लागत के 105 मोट्रेड ट्राईसिकल,41 सामान्य ट्राईसिकल, 44 व्हील चेयर,154 डिजिटल हियरिंग एड (कान की मशीन) तथा 405 दिव्यांगजनों को अन्य सहायक उपकरण वितरित किये गये।

### सीएम ने दिव्यांगजनों का पुष्पवर्षा कर किया अभिनंदन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिव्यांगजनों का पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया। दिव्यांगजनों को जीवन सुरक्षा हेतु हेलमेट भी दिये गये। समारोह का माहौल अत्यंत भावुक और उत्साहपूर्ण रहा। दिव्यांगजनों के चेहरों पर प्रसन्नता और आत्मविश्वास झलक रहा था। आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और विशेष सुविधाओं की भी समुचित व्यवस्था की गई थी। तेज गर्मी को देखते हुये दिव्यांगजनों के लिये वातानुकूलित व्यवस्था भी की गयी थी। मुख्यमंत्री डॉ.यादव द्वारा ट्राईसिकल वितरण के समय कई दिव्यांगजन भावुक हो उठे और पूरे वातावरण में एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो गया।

### लाभार्थियों का है यह कहना

कार्यक्रम में बैटरीयुक्त ट्राईसिकल प्राप्त करने वाले भागीरथपुरा के श्री लक्ष्मण रावल ने कहा कि के एम.वाय.अस्पताल में सेवा भारती में कार्य करते है। उन्हें अपने घर से कार्य स्थल तक पहुंचने में बहुत परेशानी थी। अब यह बैटरीयुक्त ट्राईसिकल मिल गयी है। इससे बेहद सुविधा होगी। आने-जाने में कोई परेशानी नहीं होगी। समय भी बचेगा। बिजलपुर निवासी सुरेश काशीमा ने कहा कि मैं फूल माला बनाने का काम करता हूं। मुझे फूल माला बेचने के लिये जगह-जगह जाना पड़ता था। हाथ से चलने वाली ट्राईसिकल थी। परेशानी होती थी, अब आसानी होगी और अपनी फूल माला आसानी से दुकानों पर पहुँचा पाऊंगा। आमदनी बढ़ेगी। इसी तरह पंडिताई करने वाले श्रीधर जोशी ने कहा कि पहले छोटी दूरी तय करने में भी कठिनाई होती थी, अब ट्राईसिकल से स्वतंत्रता का अहसास हो रहा है। मैं मुख्यमंत्री डॉ. यादव का दिल से धन्यवाद करता हूँ। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने 4 युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनी में नौकरी के लिये नियुक्ति-पत्र सौंपे। इनमें श्री रविन्द्र खराड़ी, ज्योति कोहली, मीना बालोदिया और अंकित वर्मा शामिल हैं। इन्हें टॉयस एण्ड ट्रीट्स कम्पनी में नौकरी मिली है।

## शॉट न्यूज

### किसान से रुपए ऐंठने की कोशिश नाकाम

**ग्वालियर**। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में हनीट्रैप में फंसाकर किसान के अश्लील वीडियो बनाकर रुपए छीनने और ब्लैकमेल करने वाली युवती सहित 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में महिला ब्लैकमेलर और इस रैकेट का सरगना भी है। वही पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर रही है। जबकि इस मामले में 3 आरोपियों को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। दरअसल, डबरा सिटी थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि हनीट्रैप में फंसाकर एक किसान को ब्लैकमेल करने वाले गिरोह का सरगना और महिला साथ में पिछोर पुलिया के पास देखे गए है। इसका पता चलते ही पुलिस टीम के साथ दबिश दी और आरोपियों को धरदबोच लिया। इसके बाद पुलिस पकड़े गए आरोपियों को लेकर थाने पहुंची और पूछताछ में जुट गई है।

### प्रेम विवाह करने वाले कपल ने मांगी सुरक्षा

**शिवपुरी**। मध्य प्रदेश के शिवपुरी में घर से भागकर शादी करने के बाद प्रेमी जोड़े ने थाने पहुंचकर सुरक्षा की गुहार लगाई है। थाने पहुंचे प्रेमी जोड़े ने बताया कि हम दोनों लव मैरिज की है, जो हमारे घर वालों को मंजूर नहीं है। वह हमें जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं। इसलिए हमें पुलिस की सुरक्षा सुरक्षा चाहिए ताकि हम आराम से अपना जीवन यापन कर सकें। प्रेमी जोड़े ने आर्य समाज के मंदिर में पूरी विधिवत तरीके से शादी की है। शिवपुरी जिले के बैराढ़ कस्बे की रहने वाली कल्पना (19) ने अपने प्रेमी के साथ भागकर शादी कर ली है। कल्पना अपने घर से 19 मार्च को प्रेमी के साथ भाग गई थी, जिसके बाद परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की शिकायत थाने में दर्ज कराई थी। कल्पना ने अपनी प्रेमी काशीराम के साथ आर्य समाज मंदिर ग्वालियर में शादी की है। साथ ही एक दूसरे को पति-पत्नी के रूप में स्वीकार कर लिया है।

### भीषण आग से चार लोग झुलसे

**ग्वालियर**। मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले में बिजली खराबी के कारण खेतों में आग लग गई जो बाद में चार गांवों तक फैल गई। एक अधिकारी ने बताया कि इसमें चार लोग घायल हो गए और कई घर जलकर खाक हो गए। जिले की भितरवार और चीनोर तहसील में रात आग लग गई। भितरवार के उप-विभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) संजीव जैन ने कहा कि आग भौरी, ररुआ, चीनोर और गांधी गांवों में फैल गई। बताया जाता है कि घायलों का इलाज सरकारी अस्पताल में किया जा रहा है' उन्होंने बताया कि कई घर जलकर खाक हो गए और चार लोग घायल हो गए जिनका ग्वालियर के एक सरकारी अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कुछ मवेशी भी इस हादसे में झुलस गए हैं। भितरवार से भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) विधायक मोहन सिंह राठौर ने कहा कि तूफान के बाद बिजली खराबी के कारण खेतों में आग लग गई।

# सहेली की बात सुनते ही चलती ट्रेन से कूदी युवती

**संवाददाता ● उज्जैन**

**घटना**

मध्य प्रदेश के उज्जैन रेलवे स्टेशन पर बड़ा हादसा हुआ। दरअसल, गाड़ी नंबर 19713 जयपुर से करनूल सिटी एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म नंबर 4 पर थी। ट्रेन रवाना होने ही वाली थी। तभी अचानक एक युवती ट्रेन के कूद गई। युवती ने चलती ट्रेन से छलांग लगा दी। इस दौरान स्टेशन पर दो पुलिसकर्मी भी मौजूद थे। उन्होंने जैसे ही लड़की को कूदते देखा फौरन दौड़ पड़े। दोनों ने लड़की को खींचा और ट्रेन के नीचे आने से बचाया। मिली जानकारी के मुताबिक ट्रेन सुबह 07:08 बजे प्लेटफॉर्म पर आई थी और 07:18 बजे चलने लगी थी।



इसी दौरान रतलाम की रहने वाली 22 साल की शीतल गलती से इस गाड़ी में सवार हो गई थी। असल में उसका रिजर्वेशन गाड़ी संख्या 19711 में था, जो बाद में आने वाली थी। सहेलियों से बातचीत में उसे अपनी गलती का पता चला। फिर युवती ने घबराकर चलती ट्रेन से छलांग लगा दी। प्लेटफॉर्म पर ड्यूटी कर रहे सहायक उप निरीक्षक शिव सिंह बघेल और प्रधान आरक्षक महेश गौरस्या ने फौरन स्थिति को भांपते हुए तेजी से कार्रवाई की। दोनों ने दौड़कर युवती को ट्रेन के नीचे आने से बचाया और सुरक्षित प्लेटफॉर्म की ओर खींच लिया। घटना के बाद युवती को प्राथमिक उपचार दिया गया। फिर उसका नाम-पता नोट कर परिजनों को सूचित किया गया। रेलवे सुरक्षा बल ने समय रहते सतर्कता और बहादुरी का परिचय देकर एक बड़ा हादसा टाल दिया गया। ऑपरेशन 'जीवन रक्षा' के तहत इस साहसी कार्य की रेलवे प्रशासन ने सराहना भी की है। उज्जैन रेलवे स्टेशन पर आने जाने वाली ट्रेन के समय पर आरपीएफ के जवान लगातार हर बोगी के सामने खड़े रहते है। इस प्रकार की घटना पर फौरन यात्री की जान बचा लेते हैं।

# देवास मंडी सचिव को किया निलंबित

**देवास**। कृषि उपज मंडी देवास के सचिव राजेश कुमार साकेत को मंडी बोर्ड के आयुक्त कुमार पुरुषोत्तम ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। गौरतलब है कि कई शिकायतों के बाद कृषि उपज मंडी समिति देवास की जांच के लिए मंडी बोर्ड आयुक्त ने संयुक्त संचालक उज्जैन को जांच का जिम्मा सोपा था । उनकी रिपोर्ट में पाया गया कि देवास मंडी में कई प्रकार कीअनियमिताएं हुई है। आर्थिक गड़बड़ियों भी पाई गई तथा व्यापारियों की खरीदी बिक्री में भी हेरफेर पाया गया। इस रिपोर्ट के बाद आयुक्त कुमार पुरुषोत्तम ने तत्काल प्रभाव से सचिव राजेश कुमार साकेत को जिम्मेदार मानते हुए निलंबित कर दिया हैं। लंबे अरसे से देवास मंडी सचिव के खिलाफ भारतीय किसान मजदूर सेना के अध्यक्ष बबलू जाधव द्वारा अनियमितता और घोटालों की बिदुवार शिकायत मुख्यमंत्री कार्यालय में की गई थी। उसके बाद यह जांच शुरू हुई थी जिसमें कई अन्य जन प्रतिनिधियों ने भी मंडी सचिव की अनियमिताओ की शिकायत की थी जिसपर निलंबन की कार्रवाई की गई है। भारतीय किसान मजदूर सेना के अध्यक्ष बबलू जाधव, शैलेंद्र पटेल और चंदन सिंह बड़वाया ने निलंबन का स्वागत करते हुए कहा है कि देवास मंडी में राजेश कुमार साकेत के कार्यकाल में जितने भी घोटाले हुए हैं और अनियमितताएं हुई है, उन सब की वसूली साकेत से की जाए। आपने कहा है कि देवास ही नहीं बल्कि मध्य प्रदेश की इन्दौर मंडी में भी इसी तरह की अनियमिताएं एवं अव्यवस्था चल रही है जिस पर पुर्व में इंदौर मंडी सचिव द्वारा किसान नेताओं पर फर्जी एफ आई आर दर्ज कराकर डराने-धमकाने का प्रयास किया जबकि इसके खिलाफ किसान नेताओं ने किसानों को साथ लेकर जिले भर में ज्ञापन आन्दोलन छेड़ रखा है इन्दौर मंडी सचिव को हटाने की मांग प्रमुखता से उठाई है।

### मुख्यमंत्री ने उज्जैन में आयोजित महिला केंद्रित रोजगार पर्व का किया उद्घाटन

# कामकाजी महिला के होस्टल निर्माण के लिए 100 करोड़ का प्रावधान : सीएम



**संवाददाता ● भोपाल**

**उद्घाटन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के कुल स्टार्ट-अप में से 45 प्रतिशत से अधिक की मालकिन महिलाएं हैं। ड्रोन दीदी के रूप में स्वसहायता समूह की बहनें नई पहचान बना रही हैं। शासकीय नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण ने बहन-बेटियों को सफलता के नए पंख दिए हैं। प्रदेश में महिलाओं के नाम जमीन, दुकान और घर की रजिस्ट्री में अतरिक्त छूट मिल रही है, इससे बहनों के पास सम्पत्ति की शक्ति आई है। बहनों का मान तो बढ़ा ही है, घर के फैसलों में भी अब महिलाओं को महत्व मिल रहा है। यह सब संकेत समाज के सशक्त होने के संकेत हैं क्योंकि समाज का सशक्तिकरण महिलाओं में सशक्तिकरण के बिना अधूरा है। हम यदि अपने राज्य को प्रगति की राह पर आगे बढ़ता देखना चाहते हैं तो बहन-बेटियों को शिक्षा, उनके कौशल उन्नयन और उन्हें रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराना जरूरी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कालिदास अकादमी, उज्जैन में सत्यज फाउंडेशन द्वारा आयोजित महिला केंद्रित रोजगार पर्व को मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बहन-बेटियों को पढ़ाई और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए हर संभव व्यवस्थाएं की जा रही हैं। कामकाजी महिलाओं के छात्रावास निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

महिला एवं बाल विकास के लिए कुल 27 हजार 147 करोड़ रुपए का बजट निर्धारित है। इसमें छह साल में जेंडर बजट का आकार दोगना हो गया है। व्यापार में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए कई प्रकार की रियायतें प्रदान की गई हैं। यह हम सबके लिए गर्व का विषय है कि बहन -बेटियां रोजगार और कारोबार में अपने सभी कार्य जिम्मेदारी से संपादित कर रही हैं और परिवार भी संभाल रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बहन-बेटियों के जीवन के हर पड़ाव पर उनके साथ है। उज्जैन में आयोजित कार्यक्रम में रोजगार पर्व में विभिन्न कम्पनियां शामिल हुईं। कार्यक्रम में कौशल विकास एवं रोजागर राज्य मंत्री तथा उज्जैन जिले के प्रभारी श्री गौतम टेटवाल, विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव तथा पूर्व केंद्रीय डॉ. सत्यनाराण जटिया उपस्थित थे। कार्यक्रम में 25 से अधिक कम्पनियों ने सहभागिता की।

# सोन नदी के पुल पर खतरनाक दरारें यात्री बसें रोकीं

**संवाददाता ● सीधी**

**आदेश**

मध्य प्रदेश के सीधी जिले में सोन नदी पर बना बरसों पुराना जोगदाहा घाट का पुल यात्रियों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। वर्ष 2022 से इस पुल पर यात्री बसों के आवागमन पर सुरक्षा कारणों से रोक लगा दी गई है, क्योंकि पुल में कई जगह खतरनाक दरारें आ गई हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि राजनीतिक और प्रशासनिक दबाव के चलते जिला प्रशासन के स्पष्ट आदेश के बावजूद यात्री बसों को छोड़कर सभी टैक्सी, ऑटो और अन्य छोटे वाहन इस जर्जर पुल से आज भी बेरोकटोक गुजर रहे हैं, जिससे किसी भी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है।

सीधी जिला मुख्यालय से लगभग 40 किलोमीटर दूर स्थित इस पुल पर पहले सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित कर दी गई थी। हालांकि, बाद में



नियमों को ताक पर रखकर सिर्फ यात्री बसों को रोक दिया गया, जबकि अन्य छोटे वाहन जिनमें क्षमता से अधिक यात्री और सामान लदा होता है, धड़ल्ले से पुल पार कर रहे हैं। पुल के प्रवेश द्वार पर आज भी जिला कलेक्टर का निषेधाज्ञा का बोर्ड लगा हुआ है, लेकिन इसका कोई असर छोटे वाहन चालकों पर दिखाई नहीं देता। इस लापरवाही का खामियाजा सिंगरौली, सीधी, मऊगंज और उत्तर प्रदेश तक के यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। यात्री बसों को पुल के इस पार ही रोक दिया जाता है, और उन्हें 50 से 60 किलोमीटर का लंबा वैकल्पिक मार्ग अपनाना पड़ता है। वहीं, जिन यात्रियों को तत्काल दूसरी तरफ जाना होता है, वे ऑटो और टैक्सियों में दोगुना किराया देकर अपनी जान जोखिम में डालकर जर्जर पुल पार करने को मजबूर हैं। सिंगरौली से उत्तर प्रदेश के हनुमान जा रहे यात्रियों ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया कि बसें पुल के पास ही खड़ी हो जाती हैं, जिसके कारण उन्हें ऑटो से पुल पार करना पड़ता है और फिर दूसरी तरफ वाहन पकड़ना पड़ता है। एक महिला यात्री ने मीडिया के माध्यम से सरकार से गुहार लगाई है कि सोन नदी पर बन रहे नए पुल के निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए, ताकि उनकी परेशानी दूर हो सके। अन्य यात्रियों का भी कहना है कि विकास के इस दौर में उन्हें ऐसी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, जबकि वैकल्पिक मार्ग पहले से तैयार होना चाहिए था।

# भालू से ही डरकर भागा बाघ पेंच टाइगर रिजर्व का मामला

**संवाददाता ● सिवनी**

मध्य प्रदेश के सिवनी जिले के पेंच टाइगर रिजर्व से एक अनोखा और हैरान कर देने वाला वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। 8 सेकंड के इस वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि किस तरह एक भालू के सामने एक बाघ भी खुद को असहाय महसूस करता है और डर के मारे पीछे हटकर भाग जाता है। आमतौर पर जंगलों में बाघ और शेर का ही दबदबा माना जाता है, लेकिन इस वीडियो ने लोगों को चौंका दिया है। वीडियो में दिख रहा है कि एक भालू तालाब के किनारे खड़ा था, तभी अचानक एक बाघ उसकी तरफ बढ़ता है। बाघ भालू के पास आने की कोशिश करता है, लेकिन भालू भी बिना डरे उसका सामना करने के लिए तैयार नजर आता है। जैसे ही बाघ भालू की ओर बढ़ता है, भालू दो बार जोरदार हलचल करते हुए बाघ को डराने की कोशिश करता है। भालू की चीख और आत्मविश्वास को देखकर बाघ पीछे हटने लगता है। कुछ ही पल में बाघ पूरी तरह से डर कर वहां से भाग खड़ा होता है। भालू तब तक अपनी जगह पर डटा रहा, जब तक बाघ वहां से पूरी तरह चला नहीं गया। प्राकृतिक रूप से देखा जाए तो बाघ, भालू की तुलना में कहीं ज्यादा शक्तिशाली शिकारी माना जाता है। ऐसे में भालू का इस तरह निर्भीकता से बाघ का सामना करना एक दुर्लभ दृश्य है। विशेषज्ञों के मुताबिक, भालू की यह आक्रामकता और आत्मविश्वास ही उसकी रक्षा का सबसे बड़ा हथियार बना। यह वीडियो जंगल की दुनिया का एक अनूठा उदाहरण पेश करता है, जहां साहस और आत्मरक्षा का प्रदर्शन देखने को मिला।

### मादा चीता निरवा ने दिया पांच शावकों को जन्म


# कूनो में फिर बढ़ा चीतों का कुनबा

**संवाददाता ● भोपाल**

**योजना**

कूनो नेशनल पार्क से वन्यजीव प्रेमियों के लिए एक और बड़ी खुशखबरी आई है। यहां मादा चीता नीरवा ने पांच स्वस्थ शावकों को जन्म दिया है। इस नई वृद्धि के साथ अब पार्क में चीतों की कुल संख्या 29 हो गई है, जो भारत में चीता पुनर्वास योजना की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

कूनो नेशनल पार्क में चीता परियोजना के तहत अफ्रीकी देशों से लाए गए चीतों के प्राकृतिक वातावरण में सफल प्रजनन को वन विभाग और विशेषज्ञों की कड़ी मेहनत का परिणाम बताया जा रहा है। हाल ही में कूनो से दो



चीते मंदसौर के गांधीसागर अभ्यारण्य में शिफ्ट किए गए थे, जिससे पार्क में चीतों की संख्या 24 रह गई थी। लेकिन अब नीरवा के पांच शावकों के आगमन से यह आंकड़ा फिर से 29 पर पहुंच गया है। इन शावकों का स्वास्थ्य ठीक है और इन पर विशेष मेडिकल टीम लगातार नजर बनाए हुए है। बताया गया है कि ये सभी नवजात पूरी तरह स्वस्थ हैं और उनके लिए विशेष देखभाल की जा रही है। कूनो में नए मेहमानों का स्वागत है... अत्यंत प्रसन्नता है कि कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीतों का कुनबा निरंतर बढ़ रहा है। हाल ही में 5 वर्षीय नीरवा ने 5 शावकों को जन्म दिया है। इन नन्हे शावकों का आगमन चीता प्रोजेक्ट की सफलता और भारत की समृद्ध जैव-विविधता का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस उपलब्धि पर सोशल मीडिया के माध्यम से खुशी जाहिर की। उन्होंने लिखा कि कूनो में नए मेहमानों का स्वागत है। अत्यंत प्रसन्नता है कि कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीतों का कुनबा निरंतर बढ़ रहा है। हाल ही में 5 वर्षीय मादा चीता नीरवा ने 5 शावकों को जन्म दिया है। इन नन्हे शावकों का आगमन चीता प्रोजेक्ट की सफलता और भारत की समृद्ध जैव-विविधता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के वन्यजीव संरक्षण प्रयासों की सराहना करते हुए कूनो की टीम, विशेषज्ञों और सभी सहयोगियों को बधाई दी।

# श्रीलीला के घर में आई बेबी गर्ल, फोटोज शेयर कर लिखा- हमारे दिल में इनकी हुई एंट्री



साउथ इंडियन एक्ट्रेस श्रीलीला जिन्होंने पुष्पा 2 में थप्पड़ मारूंगी गाने से सबको दीवाना बनाया हुआ है, उन्होंने अब कुछ ऐसा किया है कि आप उनके और भी बड़े फैन हो जाएंगे। हम उनकी फिल्म या गाने की बात नहीं कर रहे हैं बल्कि पर्सनल लाइफ की बात कर रहे हैं। श्रीलीला ने दरअसल, सोशल मीडिया पर नया पोस्ट किया है जिसमें वह बेबी गर्ल के साथ नजर आ रही हैं और यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। फोटो में आप देखेंगे कि पहली फोटो में वह लड़की के गाल पर किस कर रही हैं। दूसरी फोटो में दोनों कैमरे की तरफ देखकर स्माइल कर रहे हैं। फोटोज शेयर कर श्रीलीला ने लिखा, 'घर में एक और नए शख्स की एंट्री, हमारे दिल में आपकी एंट्री।' इस पोस्ट पर सभी श्रीलीला पर प्यार लुटा रहे हैं। श्रीलीला की प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो वह अब बॉलीवुड डेब्यू के लिए तैयार हैं। वह अनुराग बसु की फिल्म में नजर आने वाली हैं जिसमें उनके साथ कार्तिक आर्यन लीड रोल में हों। जबसे दोनों ने फिल्म में काम करना शुरू किया है तबसे दोनों के अफेयर की खबरें भी आ रही हैं। फैंस दोनों को कई बार साथ में स्पॉट भी कर चुके हैं। यहां तक की श्रीलीला के फैमिली फंक्शन में भी कार्तिक पहुंचे थे। हालांकि दोनों ने अभी तक इस बारे में कोई कमेंट नहीं किया है। श्रीलीला के बारे में बता दें कि उन्होंने साल 2001 में कन्नड़ फिल्म किस से डेब्यू किया था। इसके बाद वह तेलुगु फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। एक्टिंग के अलावा श्रीलीला एक ट्रेन्ड भरतनाट्यम डांसर भी हैं। साल 2021 में श्रीलीला ने अपनी एमबीबीएस की डिग्री पूरी की है। साल 2022 में श्रीलीला ने 21 की उम्र में 2 बच्चों को गोद लिया था अनाथ आश्रम से। श्रीलीला को मॉर्डन डे रोल मॉडल कहा जाता है।



# 'नहीं चाहती कोई...' पलक ने इब्राहिम अली खान से डेटिंग पर तोड़ी चुप्पी

## कहा - 'करियर पर ध्यान दे रही'




पलक तिवारी और इब्राहिम अली खान के बारे में पिछले काफी समय से यह अफवाह थी कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। कपल पिछले दिनों मालदीव वेकेशन पर था और अलग-अलग एक ही लोकेशन पर इनकी तस्वीरें वायरल हुई थीं। हालांकि यह जोड़ा हमेशा एक-दूसरे को 'अच्छा दोस्त' कहता रहा है, लेकिन इंटरनेट पर यह बात पक्की है कि दोनों के बीच रिश्ता कुछ और है। हाल ही में फिल्मफेयर से बातचीत में पलक तिवारी ने लव लाइफ को लेकर बात की। पलक ने खुलासा किया कि वो नहीं चाहती कि उनकी लव लाइफ सुर्खियों में आए, क्योंकि वह अपने करियर पर ध्यान दे रही है। फिल्मफेयर से बात करते हुए पलक तिवारी ने कहा,'अपने करियर के इस पड़ाव पर मैं नहीं चाहती कि मेरी रोमांटिक लाइफ या लव लाइफ मेरे ऊपर हावी हो जाए या बातचीत का विषय बने। मैं अभी अपना नाम बनाने की कोशिश कर रही हूं।' उन्होंने कहा कि जब वह कुछ और करने की कोशिश कर रही होती हैं, तो इससे उनकी उपलब्धियां 'हेडलाइन' तक सीमित हो जाती हैं। पलक ने बताया कि वह रिलेशनशिप जैसे प्राइवेट मामलों पर राय नहीं मांगती हैं। पलक ने कहा,'इसके अलावा, मुझे यह पसंद नहीं है कि लोग किसी ऐसी चीज पर राय रखें जिसके बारे में मैं दृढ़ता से महसूस करती हूं, इसलिए जाहिर है कि अगर मैं किसी रिश्ते में हूं, तो मैं उसके बारे में दृढ़ता से महसूस करती हूं क्योंकि मैं इसलिए रिश्ते में हूं। मैं नहीं चाहती कि लोग इस पर कोई राय रखें, और मैं उन रायों को पढ़ना भी नहीं चाहती। यही कारण है कि मैं इसे निजी रखना चाहती हूं।' इब्राहिम अली खान और पलक तिवारी की डेटिंग की अफवाहें 2022 में तब उड़ीं जब उन्हें पैपराजी ने एक साथ देखा था। बाद में, उन्हें मुंबई में एक कॉन्सर्ट में भी साथ देखा गया। हालांकि,बाद में सिद्धार्थ कन्नन को दिए एक इंटरव्यू में,बिजली बिजली अभिनेता ने स्पष्ट किया कि वे सिर्फ 'अच्छे दोस्त' हैं। ' पलक ने कहा कि हम बस बाहर थे और पैप्स ने हमारी तस्वीर खींच ली।

# 89 की उम्र में धर्मेंद्र के जोश में नहीं है कमी, स्विमिंग पूल वर्कआउट का शेयर किया वीडियो



सुपरस्टार और सभी के दिलों पर राज करने वाले वन एंड ओनली ही मैन ऑफ बॉलीवुड धर्मेंद्र ने एक बार फिर से अपने जोश और जुनून से साबित कर दिया है कि वह 89 की उम्र में भी अपनी फिटनेस का ख्याल रखते हैं। उन्होंने आज कुछ ही देर पहले अपना एक लेटेस्ट वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जो अब प्रशंसकों के बीच जमकर वायरल हो रहा है। आज धर्मेंद्र ने अपने इंस्टाग्राम पर एक लेटेस्ट वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह स्विमिंग पूल में ट्रेनर के साथ नजर आ रहे हैं और लगातार स्विमिंग करने की कोशिश करते दिखाई दे रहे हैं। इस वीडियो के साथ धर्मेंद्र ने भले ही कुछ ना लिखा हो, लेकिन उनकी बेटी और बॉलीवुड अभिनेत्री ऐशा देओल ने अपने पापा के इस वीडियो पर कमेंट करते हुए ब्लैक दिल वाले इमोजी बनाएं और साथ ही नजरबट्टू का इमोजी भी शेयर किया, ताकि उनके पापा को किसी की नजर ना लगे। 89 की उम्र में धर्मेंद्र के इस साहस और जुनून को फैंस सलाम कर रहे हैं और अपने कमेंट्स के जरिए ही मैन पर अपना प्यार बरसा रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'प्रेरणादायक', एक और फैन ने लिखा, 'हमारे लिए आपका प्यार और उत्साह बहुत मायने रखता है', एक और फैन ने लिखा, 'सदा खुश रहो सर', एक और फैन ने लिखा, 'धर्मेंद्र सर के लिए सम्मान, हैंडसम हीमैन हमेशा के लिए', एक और फैन ने लिखा, 'मेरे प्यारे प्यारे पाजी सर, आपसे प्यार करती हूं', एक और फैन ने लिखा, 'प्रेरणास्त्रोत', एक और फैन ने लिखा, 'लव यू सर', एक और फैन ने लिखा, 'प्यारे धरम पाजी' एक और फैन ने लिखा, 'भगवान आपको हमारी उम्र दे लव यू सर' आज के लेटेस्ट वीडियो से पहले धर्मेंद्र ने अपना एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह पानी में व्यायाम और फिजियोथेरेपी करते नजर आए। यह वीडियो भी उनके फैंस के बीच काफी पसंद किया गया था।

# बैंग कॉक के नाइट क्लब में नाच-नाचकर पैसा कमा रही हैं राखी सावंत



राखी सावंत एक ऐसी शख्सियत हैं, जो आए दिन किसी ना किसी विवाद में रहती हैं। लेकिन पिछले काफी दिनों से वो थोड़ी व्यस्त हैं। कुछ दिनों पहले खबर आई थी कि वो पाकिस्तानी एक्टर डोडी खान से शादी करने वाली हैं लेकिन वो बात भी आगे बढ़ नहीं पाईं और अब राखी का एक वीडियो सामने आया है, जिसे देखकर उनके फैंस हैरान हैं। राखी सावंत का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि वो बैंगकॉक के पटाया शहर के एक नाइट क्लब में डांस कर रही हैं। इस वीडियो के सामने आते है राखी के फैंस को झटका लगा है। इस वीडियो में दिखाया जा रहा है कि राखी ने पिंक कलर का आउटफिट पहना है और वो 'मुंजया' के गाने तरस पर थिरक रही हैं। कई लोगों ने राखी के डांस की तारीफ की तो कुछ लोगों ने उनकी बढ़ती उम्र का मजाक भी उड़ाया। राखी सावंत विवादों से हमेशा ही जुड़ी रहती हैं। वे अपनी ड्रमैटिक पर्सनल लाइफ, पब्लिकली झगड़ों और बोल्ड बयानों से सुर्खियां बटोरती रहती हैं। आदिल खान दुर्रानी के साथ उनकी खराब शादी और कानूनी लड़ाई से लेकर शर्लिन चोपड़ा के साथ उनकी तीखी लड़ाई तक, हर घटना ने मीडिया का खूब ध्यान खींचा।

# मां-बाप ने मुझ पर बहुत खर्चा किया, मैं बेकार हूं

## आमिर खान की बेटी आयरा का छलका दर्द

## कहा- 26 साल की हूं कुछ नहीं करती



आमिर खान की बेटी आयरा खान एक समय पर डिप्रेशन में रह चुकी हैं। इससे डील करते हुए उन्होंने महज 23 साल की उम्र में डिप्रेशन से जूझ रहे लोगों के लिए अगास्तु फाउंडेशन की नींव रखी थी। हाल ही में अपनी जर्नी पर बात करते हुए आयरा ने बताया था कि उन्हें ये सोचकर बहुत गुस्सा आता था कि वो 26 साल की हैं और कमाई नहीं करती हैं। वो खुद को बेकार इंसान समझने लगी थीं। हाल ही में आमिर खान बेटी आयरा के साथ पिंकविला को दिए एक इंटरव्यू का हिस्सा बने थे। इस दौरान आयरा से पूछा गया कि क्या पेरेंट्स को माफ करना आसान है। इस पर आयरा ने आमिर की तरफ इशारा कर कहा, जितना दोष वो अपने आप पर लेते हैं, मैं उन्हें उतना दोष नहीं देती। मेरे दिमाग में दोष मुझ में है। मेरी प्रॉब्लम है कि मुझे गुस्सा महसूस करना और दिखाना नहीं आता। आगे आयरा ने कहा, मेरे अंदर बहुत सारा गिल्ट और डर है। जब उनसे पूछा गया, किस बात का। तो उन्होंने कहा- हर चीज का, मैं 26-27 साल की हूं, मेरे मां-बाप ने मुझ पर बहुत सारे पैसे खर्च किए हैं और मैं दुनिया में बेकार इंसान हूं, कुछ नहीं कर रही हूं। आयरा की इस बात पर आमिर ने उन्हें टोकते हुए कहा कि इनका मतलब है कि पैसे नहीं कमा रही हूं। उन्होंने आयरा को याद दिलाया कि उन्होंने अपना फाउंडेशन अगास्तु महज 23 साल की उम्र में शुरू किया था, जो एक बड़ी चीज है। बातचीत में आयरा ने ये भी बताया है कि जब वो महज 12 साल की थीं, तब उनकी मां रीना दत्ता ने उन्हें पहली बार काउंसलिंग के लिए भेजा था। आयरा ने कहा कि वो इन काउंसिंग में नहीं जाना चाहती थीं, लेकिन सिर्फ इनकार करने के डर से उन्हें 3 सालों तक थैरेपी लेनी पड़ी थी। आमिर ने भी बताया है कि जब वो रीना दत्ता से तलाक ले रहे थे, तो वो मैरिज काउंसलर के पास गए थे।

# साजिद खान ने घर बुलाकर कपड़े उतारने को कहा

## इश्कबाज एक्ट्रेस नवीना बोले ने कहा- किसी तरह घर से निकली, उन्होंने 50 कॉल





कई बार सेक्सुअल हैरेसमेंट के आरोपों का सामना कर चुके साजिद खान पर टीवी एक्ट्रेस नवीना बोले ने संगीन आरोप लगाए हैं। नवीना ने हाल ही में एक इंटरव्यू में खुलासा किया है कि साजिद ने एक बार उन्हें घर बुलाया था और उनसे कपड़े उतारने को कहा था। हाल ही में सुभोजीत घोष को दिए एक इंटरव्यू में नवीना ने कास्टिंग काउच का खुलासा कर कहा, उनका नाम बहुत कंट्रोवर्सी में रहा है। मुझे नहीं पता मुझे उनका नाम लेना चाहिए या नहीं, वो बहुत बड़े डायरेक्टर हैं। वो एक डरावने इंसान हैं, मैं उनसे जिंदगी में कभी नहीं मिलना चाहती। उनका नाम साजिद खान है। ग्लैडरेड्स (ब्यूटी पेजेंट) के बाद हम में से कई लोगों के पास आए। उन्होंने महिलाओं का अपमान करने में कई सीमाएं पार कीं। जब उन्होंने मुझे कॉल किया, मैं बहुत एक्साइटेड थी। आगे नवीना ने बताया है कि घर बुलाकर साजिद ने उनसे कपड़े उतारने को कहा था। एक्ट्रेस ने कहा- उन्होंने मुझसे कहा, तुम अपने कपड़े उतारकर लॉन्जरी में क्यों नहीं बैठ जातीं। मैं देखना चाहता हूं कि तुम कितना कंफर्टेबल हो। मैं 2004 या 2006 की बात कर रही हूं जब मैंने ग्लैडरेड्स किया था। वो उस समय हे बेबी बना रहे थे। ये मुलाकात ऑफिस में नहीं घर में हुई थी। खुशकिस्मती से कोई मेरा घर के बाहर इंतजार कर रहा था। मुझे समझ नहीं आ रहा था मैं क्या करूं। उन्होंने कहा, तुम तो स्टेज पर बिकिनी पहनती हो। नवीना बोले ने आगे कहा- मैंने उनसे कहा, सुनिए, मैं घर जाकर बिकिनी लेकर आती हूं, आप मुझे बिकिनी में देखना चाहते हैं ना। मैं यहां कपड़े नहीं उतार सकती। किसी तरह मैं वहां से निकली। मुझे याद है कि उन्होंने मुझे 50 बार कॉल किया था कि मैं क्यों नहीं आ रही। नवीना ने ये भी बताया कि एक साल बाद वो एक शो कर रही थीं। वहां साजिद ने उन्हें देखा और दोबारा रोल ऑफर किया। वो ये तक भूल गए थे कि एक साल पहले उन्होंने घर बुलाया था। दरअसल, साल 2018 में साजिद पर 10 महिलाओं ने मी टू मूवमेंट के तहत यौन शोषण के आरोप लगाए थे। जिस वजह से इंडियन फिल्म एंड टेलीविजन एसोसिएशन साजिद को एक साल के लिए बैन कर दिया था। भोजपुरी एक्ट्रेस रानी चटर्जी ने भी साजिद पर हैरेसमेंट के गंभीर आरोप लगाए। मीडिया से बातचीत में रानी ने बताया कि साजिद ने उन्हें घर पर बुलाकर उनके साथ अश्लील हरकतें की, जिसके बाद वो डर कर भाग गईं। इसके अलावा कनिष्का सोनी समेत कई एक्ट्रेसेस ने साजिद पर इसी तरह के आरोप लगाए थे।



# यूपी-बिहार की भीषण गर्मी के बीच मोनालिसा ने स्विमिंग पूल में लगाए गोते, फोटो वायरल


भोजपुरी सिनेमा की पॉपुलर एक्ट्रेस अंतरा बिस्वास, जिन्हें आप मोनालिसा के नाम से भी जानते हैं, वो अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। ढेरों भोजपुरी फिल्में कर चुकीं मोनालिसा ने टेलीविजन में भी अपनी पहचान बनाई। सोशल मीडिया पर मोनालिसा की तस्वीरें और वीडियो खूब वायरल होते हैं। अब अप्रैल की गर्मी में उन्होंने स्विमिंग पूल से बिकिनी में कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। मोनालिसा ने कुछ दिन पहले स्विमिंग पूल में नहाते हुए एक वीडियो शेयर किया था। अब उन्होंने उसी की कुछ तस्वीरें शेयर कीं जिन्हें उनके फैंस खूब पसंद कर रहे और ये वायरल भी हो रही हैं। मोनालिसा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर 26 अप्रैल की शाम कुछ तस्वीरें शेयर की थीं। इन तस्वीरों में मोनालिसा ने बिकिनी पहनी है और इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, "जलपरी बनो तेज तैरो ताज पहनोऔर बड़े सपने देखो।" इसके साथ उन्होंने हार्ट इमोजी भी बनाई। मोनालिसा के इस पोस्ट के कमेंट बॉक्स में फैंस ने ज्यादातर हार्ट इमोजी भेजी है। सभी को तस्वीरें पसंद आ रही हैं। कुछ दिन पहले उनका स्विमिंग पूल में स्विम करने





वाला वीडियो भी आया था, जिसे पसंद किया गया था। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा कि हॉट समर्स और मैं... बिकिनी में मोनालिसा का अंदाज काफी अलग लग रहा है जो हर किसी को पसंद आ रहा। मोनालिसा अपनी फिल्मों में भी फैंस को ऐसे ही दीवाना बनाती हैं। मोनालिसा अपने इंस्टाग्राम पर ऐसे ही कमाल के वीडियो और फोटोज फैंस के लिए शेयर करती रहती हैं। 42 साल की अंतरा बिस्वास कोलकाता की रहने वाली हैं। फिल्मों में आने के बाद इन्होंने अपना नाम मोनालिसा रखा और आज इसी नाम से फेमस हैं। मोनालिसा ने 1997 में हिंदी फिल्म जयते से एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद ये कई हिंदी, तमिल, उड़िया, तमिल, कन्नड़, बंगाली और तेलुगू भाषाओं की फिल्मों में काम कर चुकी हैं। फिल्मों में इनके आइटम नंबर ज्यादातर हुआ करते हैं। 2008 में भोजपुरी फिल्म भोले शंकर से मोनालिसा ने भोजपुरी में एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। इस सुपरहिट फिल्म में मनोज तिवारी और मिथुन चक्रवर्ती जैसे कलाकार नजर आए थे। मोनालिसा ने दिनेश लाल, रवि किशन, पवन सिंह और खेसारी लाल के साथ भी काम किया है।

## एडवर्ड्स के शानदार प्रदर्शन से टिम्बरवॉल्व्स 3-1 से सीरीज में आगे



मिनेसोटा टिम्बरवॉल्व्स गार्ड एंथनी एडवर्ड्स (5) ने मिनियापोलिस में एनबीए बास्केटबॉल के पहले दौर के प्लेऑफ सीरीज के गेम 4 के दूसरे हाफ के दौरान लॉस एंजिल्स लेकर्स गार्ड लुका डोनसिक (77) पर शॉट लगाया।

## मैच के दौरान केएल राहुल से भिड़े विराट कोहली

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 में रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दिल्ली को उनके घरेलू मैदान पर छह विकेट से हरा दिया। आरसीबी की जीत में विराट कोहली और क्रुणाल पांड्या ने अहम भूमिका निभाई। कोहली ने जहां 47 गेंद में 51 रन बनाए, वहीं क्रुणाल ने 47 गेंद में नाबाद 73 रन की धमाकेदार पारी खेली। हालांकि, इस मैच से ज्यादा चर्चा कोहली और केएल राहुल के बीच हो रही बहस की हो रही है। आरसीबी की पारी के दौरान दोनों के बीच बहस हुई। हालांकि, मैच के बाद दोनों मस्ती मजाक करते दिखे। कोहली ने राहुल के 'कांतारा' सेलिब्रेशन पर चुटकी ली और फिर दोनों गले लगकर हंस पड़े।दरअसल, मैच में दिल्ली ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 162 रन बनाए थे। जवाब में एक वक्त आरसीबी ने 26 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे। पारी के आठवें ओवर में राहुल और कोहली के बीच किसी बात को लेकर बहस हुई। कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने भी इसका जिक्र किया। तब आरसीबी को 115 रन की जरूरत थी। ओवर की दूसरी गेंद के बाद कोहली विकेटकीपिंग कर रहे राहुल के पास गए और दोनों किसी बात को लेकर जोर जोर से बहस करते दिखे। कोहली साफतौर पर किसी बात से नाखुश थे, जबकि ऐसा लगा राहुल उन्हें सफाई देते दिख रहे हैं। हालांकि, फैंस को कोहली की यह हरकत पसंद नहीं आई। उन्होंने कोहली पर निशाना साधा और बेवजह बहस करने का आरोप लगाया।

# आरसीबी की सातवीं जीत, दिल्ली को 6 विकेट से हराया

## क्रुणाल पांड्या-विराट कोहली के अर्धशतक

**एजेंसी ● बेंगलुरु**



क्रुणाल पांड्या और विराट कोहली की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दिल्ली कैपिटल्स को छह विकेट से हराकर सत्र की सातवीं जीत दर्ज की। वहीं, यह उनकी घर से बाहर लगातार छठी जीत है। इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स ने 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 162 रन बनाए। जवाब में आरसीबी ने 18.3 ओवर में चार विकेट खोकर 164 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। दिल्ली के लिए अक्षर पटेल ने दो और दुष्मंथा चमीरा ने एक विकेट लिया।

इस जीत के साथ आरसीबी 14 अंक और 0.521 के नेट रन रेट के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। रजत पाटीदार के नेतृत्व में बेंगलुरु ने 10 में से सात मुकाबले जीते हैं। वहीं, नौ में से छह मैच जीतने और तीन हारने वाली दिल्ली 12 अंक और 0.482 नेट रन रेट के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है। दूसरे और तीसरे स्थान पर क्रमशः गुजरात और मुंबई इंडियंस हैं। दोनों के खाते में 12-12 अंक हैं।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी की इस मैच में खराब शुरूआत हुई थी। 26 के स्कोर पर टीम ने तीन विकेट गंवा दिए थे। अक्षर पटेल ने जैकब बेथेल (12) और देवदत्त पडिक्कल (0) को अना शिकार बनाया। वहीं, करुण नायर ने कप्तान रजत पाटीदार को रनआउट कर आरसीबी को तीसरा झटका दिया। इसके बाद विराट कोहली और क्रुणाल पांड्या ने मोर्चा संभाला। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 119 रन की साझेदारी हुई जो आरसीबी की किसी भी जोड़ी के द्वारा निभाई गई सबसे बड़ी पार्टनरशिप है और चौथे विकेट के लिए इस सत्र की सबसे बड़ी साझेदारी भी है। दोनों ने दिल्ली के गेंदबाजों पर शिकंजा कसते हुए आरसीबी को शानदार जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

इस दौरान क्रुणाल पांड्या ने 38 गेंदों में अपने करियर का दूसरा अर्धशतक पूरा किया। इससे पहले उन्होंने 2016 में पचासा जड़ा था। वह 47 गेंदों में 73 रन बनाकर नाबाद रहे। इस दौरान उनके बल्ले से पांच चौके और चार गगनचुंबी छक्के निकले। वहीं, किंग कोहली भी मौजूदा सत्र का छठा अर्धशतक पूरा करने में कामयाब रहे। उन्होंने 45 गेंदों में इस आईपीएल में तीसरा पचासा जड़ा। वह चार चौके की मदद से 51 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेलने में कामयाब हुए। टिम डेविड पांच गेंदों में 19 रन बनाकर नाबाद रहे।आरसीबी को चौथा झटका विराट कोहली के रूप में लगा। वह 51 रन बनाकर आउट हुए। अब क्रीज पर टिम डेविड आए हैं।

क्रुणाल पांड्या के बाद विराट कोहली ने भी इस मैच में शानदार अर्धशतक जड़ा है। उन्होंने 45 गेंदों में इस सीजन का लगातार तीसरा पचासा पूरा किया। अब आरसीबी को जीत के लिए 20 गेंदों में 30 रन की जरूरत है।16 ओवर के बाद स्कोर 125/3 है। विराट कोली 49 और क्रुणाल पांड्या 56 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए हैं।आरसीबी के स्टार ऑलराउंडर क्रुणाल पांड्या ने 38 गेंदों में अर्धशतक जड़ा है। उन्होंने नौ साल बाद आईपीएल में पचासा पूरा किया है। वह शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। विराट कोहली और क्रुणाल पांड्या ने मोर्चा संभाल लिया है। दोनों शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं और 70 से ज्यादा रनों की साझेदारी निभा चुके हैं। 14 ओवर के बाद टीम का स्कोर 105/3 है।आरसीबी की इस मैच में खराब शुरूआत हुई है। अक्षर पटेल ने तीसरे ओवर में पहले जैकब बैथल (12) को अपना शिकार बनाया। इसके बाद देवदत्त पडिक्कल (0) को बोल्ड किया। वहीं, चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए कप्तान रजत पाटीदार को करुण नायर ने रनआउट कर दिया। वह सिर्फ छह रन बना पाए। अब क्रीज पर विराट कोहली और क्रुणाल पांड्या आए हैं। शुरूआती छह ओवर के बाद आरसीबी का स्कोर 35/3 है।

बेंगलुरु की पारी शुरू हो चुकी है। विराट कोहली और जैकब बेथेल क्रीज पर मौजूद हैं। दिल्ली के लिए पारी का पहला ओवर अक्षर पटेल फेंक रहे हैं।केएल राहुल की 41 और ट्रिस्टन स्टब्स की 34 रनों की धमाकेदार पारी के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सामने 163 रन का लक्ष्य रखा है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली ने 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 162 रन बनाए। आरसीबी के लिए भुवनेश्वर कुमार ने तीन विकेट लिए जबकि हेजलवुड को दो विकेट मिले। इसके अलावा यश दयाल और क्रुणाल पांड्या को एक-एक सफलता मिली।

इस मैच में दिल्ली की शुरूआत अच्छी हुई थी। अभिषेक पोरेल और फाफ डु प्लेसिस के बीच पहले विकेट के लिए 33 रन की साझेदारी हुई। हेजलवुड ने पोरेल को अपना शिकार बनाया। वह 11 गेंदों में दो चौके और दो छक्के की मदद से 28 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद यश दयाल ने तीसरे नंबर पर आए करुण नायर को पवेलियन लौटा दिया। वह सिर्फ चार रन बना सके। उनके अलावा केएल राहुल ने तीन चौके की मदद से 41 रन बनाए जबकि स्टब्स ने 188.88 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 34 रन बनाए। कप्तान अक्षर पटेल ने 15, आशुतोष शर्मा ने दो और विप्रज निगम ने 12 रन बनाए।



## 2028 से आईपीएल में मैचों की संख्या में हो सकता है इजाफा, नई टीमें भी आएंगी?

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) 2028 से आईपीएल में मैचों की संख्या बढ़ा सकता है। बताया जा रहा है कि 2028 से आईपीएल में कुल 94 मैच कराए जाने पर विचार किया जा रहा है, लेकिन भविष्य में फिलहाल आईपीएल टीमों की संख्या में इजाफा नहीं किया जाएगा। 2022 सीजन से आईपीएल में मैचों की संख्या बढ़ाकर 74 की गई थी और दो नई टीमें भी जोड़ी गई थी। गुजरात टाइटंस और लखनऊ सुपर जाएंट्स फ्रेंचाइजी 2022 से इस लीग का हिस्सा बनी।

शुरूआत में 2025 से आईपीएल मैचों की संख्या 84 करने का प्रस्ताव रखा गया था, लेकिन टूर्नामेंट विंडो और प्रसारकों को दिक्कतों के कारण इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। आईपीएल के चेयरमैन अरुण धूमल ने बताया कि बीसीसीआई गंभीरता से आईपीएल 2028 से मैचों की संख्या 94 करने पर विचार कर रहा है।

धूमल ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से कहा, निश्चित रूप से यह एक अवसर हो सकता है। हम आईसीसी से चर्चा कर रहे हैं, हम बीसीसीआई में इन-हाउस चर्चा कर रहे हैं। यह देखते हुए कि द्विपक्षीय और आईसीसी आयोजनों, फ्रेंचाइजी क्रिकेट और टी20 क्रिकेट के संबंध में प्रशंसकों की रुचि कैसे बदल रही है, हमें इस बारे में अधिक गंभीरता से बात करनी होगी। हम एक बड़ी विंडो चाहते हैं।

हमारा नजरिया 74 से 84 या 94 मैचों तक कराने का है जिससे हर टीम को प्रत्येक टीम के खिलाफ घर और बाहर खेलने का मौका मिले, इसके लिए आपको 94 मैच की जरूरत है।धूमल ने कहा, बहुत क्रिकेट खेला गया। हम ऑस्ट्रेलिया से टेस्ट सीरीज खेलकर वापस आए, हमने चैंपियंस ट्रॉफी खेली और उसके ऊपर आईपीएल भी खेला। इसलिए यह तय किया गया कि 2025 में 74 मैचों से 84 पर जाना समझदारी नहीं है, लेकिन जब भी हमें लगेगा कि सही समय है, हम यह (मैच संख्या बढ़ाने) का फैसला लेंगे।

### धूमल ने आईपीएल 2025 को सफल सीजन बताया

धूमल ने आईपीएल 2025 सीजन को सफल बताया। उन्होंने टीमों के बीच प्रतिस्पर्धी भावना और कई युवा भारतीय खिलाड़ियों के उभरने की सराहना की। उनका यह भी मानना है कि आईपीएल में इस बार किसी ऐसी टीम का चैंपियन बनना भी अच्छा होगा जो पहली बार खिताब अपने नाम करेगी। इस सीजन में दिल्ली कैपिटल्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जाएंट्स जैसी टीम प्लेऑफ की दौड़ में शामिल है, जिन्होंने अब तक कभी आईपीएल की ट्रॉफी नहीं जीती है।

## लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत पर चला बीसीसीआई का चाबुक

**एजेंसी ● मुंबई**



लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान ऋषभ पंत पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने रविवार को धीमी ओवर गति के कारण 24 लाख रुपये का जुर्माना ठोक दिया। मुंबई इंडियंस के खिलाफ वानखेड़े में खेले गए मैच में उनकी टीम को 54 रनों से करारी शिकस्त मिली थी। इसके बाद लखनऊ का नेट रन रेट -0.325 हो गया और टीम 10 अंकों के साथ छठे पायदान पर है। आईपीएल ने पंत पर की गई कार्रवाई की जानकारी देते हुए बयान जारी किया। इसमें बताया गया कि स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज पर दूसरी बार धीमी ओवर गति के कारण जुर्माना ठोका गया है। वहीं, उनकी टीम को छह लाख रुपये या मैच फीस का 25 प्रतिशत देना होगा। आईपीएल ने कहा- चूंकि यह आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत उनकी टीम का सीजन का दूसरा अपराध था, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, इसलिए पंत पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। इम्पैक्ट प्लेयर सहित प्लेइंग इलेवन के बाकी सदस्यों पर या तो छह लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत, जो भी कम हो, जुर्माना लगाया जाएगा।

## प्रतिका रावल की नजरें महिला वनडे क्रिकेट में इतिहास रचने पर होंगी, गिल के रिकॉर्ड के करीब

**एजेंसी ● कोलंबो**

भारतीय महिला टीम की बल्लेबाज प्रतिका रावल महिला वनडे क्रिकेट में इतिहास रचने के करीब हैं। प्रतिका के पास महिला वनडे क्रिकेट में सबसे तेजी से 500 रन पूरा करने का मौका होगा। फिलहाल यह रिकॉर्ड इंग्लैंड की पूर्व बल्लेबाज चार्लोट एडवर्ड्स के नाम है जिन्होंने नौ पारियों में वनडे में 500 रन पूरे किए थे। भारतीय टीम का सामना मंगलवार को त्रिकोणीय सीरीज के अपने दूसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका से होना है।

एडवर्ड्स के अलावा निकोल बोल्टोन ने 11 पारियों में वनडे में 500 रन बनाए हैं, जबकि इसके बाद बेलिंडा क्लार्क (12) और वेंडी वॉटसन (12) का नंबर आता है। भारतीयों में सबसे तेज 500 वनडे रन पूरे करने का रिकॉर्ड मिताली राज के नाम है जिन्होंने 13 पारियों में ऐसा किया था। प्रतिका महिला और पुरुष



मिलाकर वनडे में सबसे तेजी से 500 वनडे रन पूरी करने वाली दूसरी बल्लेबाज बन सकती हैं। दक्षिण अफ्रीका के जानेमान मलान के नाम वनडे में सबसे तेज 500 रन पूरे करने का रिकॉर्ड है।

मलान ने सिर्फ सात पारियों में ऐसा किया था। प्रतिका सबसे तेजी से ऐसा करने वाली भारतीय खिलाड़ी बन सकती हैं और शुभमन गिल को पीछे छोड़ सकती हैं। गिल ने अक्तूबर 2022 में 10वीं पारी में वनडे में 500 रन पूरे किए थे। प्रतिका ने सात पारियों में 82.33 के औसत से 494 रन बनाए हैं जिसमें एक शतक और चार अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वोच्च स्कोर जनवरी 2025 में राजकोट में आयरलैंड के खिलाफ बनाए 154 रन है। प्रतिका पिछले मैच में प्लेयर ऑफ द मैच रही थीं। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ 62 गेंदों पर नाबाद 50 रन बनाए थे। भारत ने इस मैच में श्रीलंका को नौ विकेट से हराया था। प्रतिका ने इस मैच में स्मृति मंधाना के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 54 रनों की साझेदारी की थी।

दैनिक आदित्य भारत
!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, मंगलवार, 29 अप्रैल, 2025
www.adityabharat.com





एम्स्टर्डम, नीदरलैंड। मनोरंजन करने वाले लोग ऑरेंज हाउस के शासक को पहचानने के लिए नारंगी रंग के कपड़े पहने हुए, नहर के किनारे किंग्स डे मनाते हुए।

## शॉर्ट न्यूज

### 800 झुग्गियां जलीं, दो बच्चों की दर्दनाक मौत

**नई दिल्ली**। दिल्ली के रोहिणी में भीषण हादसा हुआ है। यहां पर एक सिलेंडर ब्लास्ट हुआ। इसके बाद करीब 800 झुग्गियों में आग लग गई। सभी झुग्गियां जलकर राख हो गई है। आग की सूचना मिलने पर तुरंत फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। यह घटना रोहिणी सेक्टर 17 की है। इस घटना में दो बच्चों की भी मौत हुई है। साथ ही 5 लोग घायल बताए जा रहे हैं। इस मुद्दे पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से बात की है। उन्होंने पीड़ितों की तत्काल मदद करने को कहा है। आग बुझाने के लिए दमकल विभाग की 26 गाड़ियों ने काफी मशक्कत की। तलाशी के दौरान दो बच्चों के शव को बरामद किया गया, जिन्हें पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पास में ही श्री निकेतन अपार्टमेंट है। यहां पर करीब हजारों लोग रहते हैं। यहां पर अचानक झुग्गियों में आग लगी थी और उसके बाद देखते ही देखते यह बढ़ती चली गई।

### लंदन में पाकिस्तानी अधिकारी के खिलाफ पुलिस का एक्शन

**लंदन**। लंदन में पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर 25 अप्रैल को भारतीय और यहूदी समुदाय के 500 से अधिक लोगों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी भारतीय तिरंगा और 'आतंकवाद बंद करो' जैसे नारे वाले प्लेकार्ड लिए हुए थे। इस दौरान पाकिस्तान उच्चायोग के सीनियर अधिकारी कर्नल तैमूर रहत ने प्रदर्शनकारियों की ओर गला काटने का इशारा किया, जिसका वीडियो वायरल हो गया। पाकिस्तानी कर्नल की इस हरकत ने बड़े पैमाने पर आक्रोश पैदा किया। प्रदर्शनकारियों ने इसे उकसावे भरी कार्रवाई और असंवेदनशील कार्य बताया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद की निंदा करने में विफल रहा है और उसका समर्थन कर रहा है। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने 26 अप्रैल को इस घटना की जांच शुरू कर दी। प्रदर्शनकारियों ने ब्रिटेन सरकार से पाकिस्तान उच्चायुक्त को तलब करने और आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने की मांग की है।

### रूस का दावा: कुर्स्क क्षेत्र कुर्स्क क्षेत्र में 76,000 से अधिक यूक्रेनी सैनिक मारे यूक्रेनी सेना असफल

# कुर्स्क क्षेत्र पर फिर से रूस का कब्जा : पुतिन

**एजेंसी ● मॉस्को**

रूस की सेना का कहना है कि उसने देश के पश्चिमी कुर्स्क क्षेत्र पर पूरा नियंत्रण वापस पा लिया है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेन की सभी कोशिशें पूरी तरह असफल हो गई हैं।

**कोशिश**

रूस के शीर्ष सैन्य कमांडर वालेरी गेरासिमोव ने कहा कि यूक्रेनी सैनिकों के कब्जे में बचा आखिरी गांव भी अब फिर से हासिल कर लिया गया है। यह आठ महीने पहले यूक्रेन के अचानक हमले के बाद हुआ है। गेरासिमोव ने यह भी दावा किया कि कुर्स्क क्षेत्र में 76,000 से अधिक यूक्रेनी सैनिक मारे गए या घायल हुए हैं। हालांकि इस दावे की पुष्टि नहीं हो सकी है। यूक्रेन ने इस दावे को खारिज कर दिया है। यूक्रेन का कहना है कि उसके सैनिक अब भी रूसी सीमा क्षेत्र में ऑपरेशन कर रहे हैं, और उसने मॉस्को के दावों को प्रोपेगैंडा बताया है।

बीते कुछ महीनों में यूक्रेनी सेना को कुर्स्क क्षेत्र में भारी दबाव का सामना करना पड़ा है। यहां 70 हजार रूसी सैनिक और भारी ड्रोन हमलों की वजह से यूक्रेनी सेना को पीछे हटना पड़ा है। रूस इस क्षेत्र को फिर से हासिल करने के लिए बड़ा अभियान चला रहा है। अमेरिका स्थित थिंक-टैंक इंस्टिट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ वॉर ने 25 अप्रैल की रिपोर्ट में कहा- रूसी बलों ने हाल ही में कुर्स्क ओब्लास्ट (क्षेत्र) में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास बढ़त बनाई है, ताकि यूक्रेनी सैनिकों को उनके आखिरी बचे इलाकों से बाहर निकाला जा सके। आईएसडब्ल्यू ने यह भी बताया कि 25 अप्रैल को रूस के उत्तर-पश्चिमी बेलगोरोड क्षेत्र में भी लड़ाई जारी रही।



### रूस ने माना- युद्ध में उत्तर कोरियाई सैनिकों ने साथ दिया


पुतिन के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान रुसी कमांडर वलेरी गेरासिमोव ने कहा कि कुर्स्क क्षेत्र के आखिरी गांव गोर्नल को यूक्रेनी सेना से मुक्त करा लिया गया है। गेरासिमोव ने रुसी जवाबी हमले के दौरान उत्तर कोरियाई सैनिकों की हिम्मत की भी तारीफ की। पहली बार है जब रुस ने सेना में उत्तर कोरियाई सैनिकों के शामिल होने को स्वीकार किया है। इसके जवाब में पुतिन ने गेरासिमोव से कहा कि यूक्रेन की कोशिशें पूरी तरह से विफल हो गया है। पुतिन ने दावा किया कि इससे रुस को अन्य मोर्चों पर आगे बढ़ने का रास्ता मिलेगा। रुस की सेना का कहना है कि उसके सैनिक अब यूक्रेन के उत्तर-पूर्वी सूमी की कई बस्तियों को भी कंट्रोल में ले चुके हैं, जो कुर्स्क के पास स्थित है।

**यूक्रेन बोला- कुर्स्क में युद्ध जारी है :** वहीं, यूक्रेनी सेना के जनरल स्टाफ ने टेलीग्राम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि युद्ध का मैदान कठिन बना हुआ है। लेकिन उन्होंने यह भी जोर दिया कि उनके सैनिक अब भी कुर्स्क में अपनी स्थिति बनाए हुए हैं और बेलगोरोड क्षेत्र में आक्रमण जारी रखे हुए हैं। यूक्रेन ने पिछले अगस्त में यह घुसपैठ शुरु की थी ताकि दोनों देशों के बीच एक बफर जोन बनाया जा सके, जिससे रुस को यूक्रेन के पूर्वी मोर्चे पर सैनिक तैनात करने से रोका जा सके।

# महिला ने फ्लाइट में उतारे कपड़े, सीट पर कर दी गंदगी

**एजेंसी ● शिकागो**

फिलाडेल्फिया से शिकागो जा रही साउथवेस्ट एयरलाइंस की फ्लाइट में एक महिला ने अपने कपड़े उतारे और फिर सीट पर शौच कर दिया। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार फिलाडेल्फिया से शिकागो जाने वाली एक नियमित उड़ान में उस समय खलबली मच गई जब विमान में सवार एक महिला ने अपने कपड़े उतारकर बीच फ्लाइट में अपनी सीट पर शौच कर दिया, जिससे साथ में उड़ान भर रहे यात्री हैरान रह गए। शिकायत मिलने पर पुलिस अधिकारी और एक मेडिकल टीम शनिवार को साउथवेस्ट एयरलाइंस की उड़ान 418 के शिकागो लैंड होते ही एयरपोर्ट पहुंची। रिपोर्ट के अनुसार, महिला ने अपने कपड़े उतार दिए थे और अपनी सीट पर ही शौच कर



दिया था, जिसके कारण एयरलाइंस को विमान को पूरी तरह से साफ करने में कई घंटे लगे और तब तक के लिए सर्विस ठप रही। इस घटना पर साउथवेस्ट एयरलाइंस ने एक बयान जारी कर कहा, 'साउथवेस्ट के लिए हमारे कस्टमर्स और कर्मचारियों की सुरक्षा से ज्यादा अहम कुछ भी नहीं है और हम अपने उड़ान चालक दल के पेशेवर रवैये की सराहना करते हैं।' एयरलाइन ने आगे कहा कि हमारी टीमें विमान में सवार लोगों से स्थिति के लिए और उनकी यात्रा में हुई देरी के लिए माफी मांगने के लिए संपर्क कर रही हैं।

### नेतन्याहू के खिलाफ चरम पर गुस्सा, 'कटे सिर' रखकर किया प्रदर्शन


# लंबी जंग से परेशान लोग इजरायल में सड़कों पर उतरे

**एजेंसी ● तेल अवीव**

इजरायल में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ गुस्सा अब चरम सीमा पर पहुंच गया है। तेल अवीव में उग्र प्रदर्शन देखने को मिला, जिसमें लोगों ने नेतन्याहू के चेहरे वाले मास्क के साथ 'खून से सने कटे सिर' सड़क पर लेटा रखे थे। इस तरह के प्रदर्शन ने पूरे देश को झकझोर कर दिया।

**प्रदर्शन**

नेतन्याहू ने भी इस तरह के प्रदर्शन को बेहूदा और 'राजनीतिक हत्या' करार दिया है। टाइम्स ऑफ इजरायल में छपि रिपोर्ट के अनुसार, तेल अवीव में प्रदर्शन के दौरान एक व्यक्ति अपने शरीर पर नकली खून से सने पट्टियों के साथ सड़क पर पड़ा दिखा, उसके चारों ओर नेतन्याहू के मुखौटे रखे गए थे, जिन पर 'गुनहगार' और 'खतरा' जैसे शब्द लिखे थे। इस दृश्य ने राजनीतिक माहौल को और अधिक तनावपूर्ण बना दिया।नेतन्याहू का तीखा पलटवारप्रधानमंत्री नेतन्याहू ने प्रदर्शन को 'हत्या के लिए सीधी उकसावट' करार देते हुए कहा, 'यह प्रदर्शन बंधकों की मदद नहीं कर रहा, बल्कि उन्हें बलि का बकरा बनाकर सरकार गिराने की साजिश है।' उन्होंने आंतरिक सुरक्षा एजेंसी शिन बेट से सवाल किया कि अब तक इस तरह की हिंसक प्रतीकों पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई।



### लिकुड पार्टी का बयान

नेतन्याहू की पार्वे लिकुड ने भी प्रदर्शन को "पागलपन' बताते हुए कहा, "यह प्रधानमंत्री की हत्या के लिए खुला उकसावा है। अटॉर्नी जनरल और शिन बेट प्रमुख रोनेन बार इसे रोकने के लिए क्या कर रहे हैं? नेतन्याहू-शिन बेट में टकराव नेतन्याहू ने हाल ही में 'कतारगेट' घोटाले की जांच के दौरान शिन बेट प्रमुख रोनेन बार को बर्खास्त कर दिया था। विपक्ष ने इस कदम को जांच को दबाने की कोशिश बताया और सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। विपक्षी नेता यायर लैपिड ने चेतावनी दी कि नेतन्याहू का रवैया देश को "राजनीतिक हत्या' की ओर धकेल सकता है।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक -** दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।
**संपादक-** दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)